अनमोल विचार
जो अपने को बुद्धिमान समझता है वह सामान्यतः सबसे बड़ा मूर्ख होता है।
» सुदर्शन

विजय मत

अखबार नहीं आईना...
मप्र और छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

www.vijaymat.com | भोपाल, गुरुवार, 2 मई 2024 | वर्ष- 09 अंक- 135 पेज-08 मूल्य- ₹ 1.00/-

न्यूज इन शॉर्ट

मुंबई इंडियंस की हार के बाद हार्दिक पर बैन का खतरा, लगा लाखों का जुर्माना

मुंबई, एजेंसी। आईपीएल 2024 में मंगलवार को मुंबई इंडियंस की टीम को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या को एक और झटका लगा। आईपीएल ने मुंबई इंडियंस के कप्तान

हार्दिक पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही हार्दिक पर अब एक मैच के लिए बैन होने का खतरा भी मंडराने लगा है। मुंबई इंडियंस की टीम ने मंगलवार को लखनऊ के खिलाफ मैच में समय पर ओवर पूरे नहीं किए थे। इसी कारण टीम के कप्तान हार्दिक को सजा मिली है। मुंबई इंडियंस दूसरी पर समय पर ओवर पूरे करने में नाकामयाब रही। इसी कारण हार्दिक पंड्या पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगा है। वहीं प्लेइंग इलेवन में शामिल बाकी खिलाड़ियों को छह या मैच फीस की 25 प्रतिशत रकम जुर्माना के तौर पर देनी होगी। इसमें इम्पैक्ट प्लेयर भी शामिल है। हार्दिक पंड्या के लिए अब मुश्किल बढ़ गई है।

जीएसटीः अप्रैल में 2 लाख करोड़ से ज्यादा का हुआ कलेक्शन

नई दिल्ली, एजेंसी। जीएसटी कलेक्शन को लेकर वित्त मंत्रालय ने आंकड़ें जारी किये हैं। मंत्रालय ने बताया कि यह पहली बार है कि एक महीने में 2.10 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी कलेक्शन हुआ है। जीएसटी कलेक्शन में आई तेजी की वजह घरेलू लेनदेन

और आयात में मजबूत वृद्धि है। अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2 लाख करोड़ रुपये के ऐतिहासिक मील के पत्थर को पार कर गया। देश का सकल जीएसटी संग्रह को लेकर वित्त मंत्रालय ने अप्रैल महीने के आंकड़े जारी किये है। घरेलू लेनदेन और आयात में मजबूत वृद्धि के कारण जीएसटी संग्रह में साल दर साल 12.4 फीसदी की तेजी हुई है। सकल माल और सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अप्रैल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह साल-दर-साल 12.4 प्रतिशत वृद्धि को दिखाता है। घरेलू लेनदेन में मजबूत वृद्धि (13.4 प्रति अधिक)

नए आस्था पथ से बदरीनाथ तक पहुंचेंगे तीर्थयात्री, 12 को खुलेंगे धाम के कपाट

चमोली, एजेंसी। इस साल बदरीनाथ धाम की यात्रा 12 मई से शुरू हो रही है। ऐसे में बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के कार्य तेजी से चल रहे हैं। यहां आस्था पथ में भी बदलाव किया गया है। बदरीनाथ धाम तक पहुंचने वाला पुराना आस्था पथ ध्वस्त होने

के कारण अब साकेत तिराहे से अलकनंदा किनारे से होते हुए करीब 100 मीटर का नया रास्ता बनाया जा रहा है। इस मार्ग को नगर पंचायत बदरीनाथ की ओर से अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं, बामणी गांव से बदरीनाथ मंदिर तक पहुंचने के लिए भी करीब 300 मीटर नए रास्ते का निर्माण किया जा रहा है। यहां रीवर फ्रंट के कार्यों से पुराना रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया है। बदरीनाथ धाम परिसर के इर्द-गिर्द होटल, धर्मशाला और आवासीय मकान भी हटा दिए गए है।

जेल में रहकर नेता नहीं कर सकते चुनाव प्रचारः दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा अगर ऐसा किया जाता है, तो सभी खूंखार अपराधी राजनीतिक दल बना लेंगे। याचिकाकर्ता ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का जिक्र किया। जिसमें कहा कि गिरफ्तारी ने दिल्ली के लोगों को आप की विचारधारा, योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जानने के उनके अधिकार से वंचित

किया। उच्च न्यायालय ने बुधवार को जेल में बंद राजनीतिक नेता और उम्मीदवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) के माध्यम से चुनाव प्रचार करने की मंजूरी प्रदान करने के लिए चुनाव आयोग (ईसीआई) को एक तंत्र विकसित करने का निर्देश देने की मांग संबंधी याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा अगर ऐसा किया जाता है, तो सभी खूंखार अपराधी राजनीतिक दल बना लेंगे। दाऊद इब्राहिम चुनाव लड़ेगा और वीसी के माध्यम से प्रचार करेगा। एसीजे मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता कानून के छात्र पर जुर्माना तो नहीं लगाया, लेकिन उसके वकील से उसे शक्तियों के पृथक्करण के बारे में सिखाने के लिए कहा।

सुप्रीम कोर्ट ने शादियों, निजी संपत्ति और कोर्ट के कामकाज पर की टिप्पणी

सात फेरों के बिना हिंदू विवाह मान्य नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शादी को लेकर एक बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा कि सात फेरों के बिना हिंदू विवाह मान्य नहीं होगा। कोर्ट ने कहा है कि हिंदू विवाह एक संस्कार है और यह सॉन्ग-डांस, वाइनिंग-डायनिंग का आयोजन नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा अगर शादी के लिए अपेक्षित सेरेमनी नहीं की गई तो हिंदू विवाह अमान्य है। सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि हिंदू विवाह को वैध होने के लिए, इसे सप्तपदी (पवित्र अग्नि के चारों ओर फेरे के सात चरण) जैसे उचित संस्कार और समारोहों के साथ किया जाना चाहिए और विवादों के मामले में इन समारोह का प्रमाण भी मिलता है। बता दें कि शादी के फैसले पर जस्टिस बी. नागरत्ना ने अपने फैसले में कहा, हिंदू विवाह एक संस्कार है, जिसे भारतीय समाज में एक महान मूल्य की संस्था के रूप में दर्जा दिया जाना चाहिए।

संस्था कितनी पवित्र है, इस पर विचार करें

इस वजह से हम युवा पुरुषों और महिलाओं से आग्रह करते हैं कि वो विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले इसके बारे में गहराई से सोचें और भारतीय समाज में उक्त संस्था कितनी पवित्र है, इस पर विचार करें। उन्होंने कहा, विवाह गीत और नृत्य और शराब पीने और खाने का आयोजन नहीं है या अनुचित दबाव द्वारा दहेज और उपहारों की मांग करने और आदान-प्रदान करने का अवसर नहीं है।

न्यायाधीशों को तो शनिवार-रविवार को भी छुट्टी नहीं मिलती

सुप्रीम कोर्ट ने शीर्ष अदालत और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की छुट्टी को लेकर एक टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने कहा कि जो लोग न्यायालय और न्यायाधीशों की लंबी छुट्टियों को लेकर आलोचना करते हैं, उन्हें यह नहीं पता कि न्यायाधीशों को तो शनिवार और रविवार को भी छुट्टी नहीं मिलती। सुप्रीम कोर्ट ने शीर्ष अदालत और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की छुट्टी को लेकर एक टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने कहा कि जो लोग न्यायालय और न्यायाधीशों की लंबी छुट्टियों को लेकर आलोचना करते हैं, उन्हें यह नहीं पता कि न्यायाधीशों को तो शनिवार और रविवार को भी छुट्टी नहीं मिलती। छुट्टी का मुद्दा तब सामने आया, जब शीर्ष अदालत ने पश्चिम बंगाल के एक मामले में दलीलों के लिए गुरुवार का दिन तय किया। अदालत ने दोनों पक्षों से कहा कि शीर्ष अदालत के 20 मई से गर्मियों की छुट्टियों पर जाने से पहले दलीलें पूरी कर ली जाएं। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार की

उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सीबीआई पर राज्य से पूर्व अनुमति लिए बिना जांच करने का आरोप लगाया गया है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा, जो लोग यह आलोचना करते हैं कि शीर्ष अदालत और हाईकोर्ट लंबी छुट्टियां लेते हैं, उन्हें नहीं पता कि न्यायाधीश कैसे काम करते हैं। उन्होंने केंद्र का पक्ष रखते हुए पीठ से कहा, शीर्ष अदालत के न्यायाधीश रोजाना 50 से 60 मामले देखते हैं और वह छुट्टियों के हकदार हैं।

क्या निजी संपत्तियों को समुदाय का भौतिक संसाधन माना जा सकता है?

कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

क्या निजी संपत्तियों को संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) के तहत समुदाय का भौतिक संसाधन माना जा सकता है और इस कारण राज्य के अधिकारी इसे सार्वजनिक हित के लिए अपने कब्जे में ले सकते हैं? उच्चतम न्यायालय की नौ न्यायाधीशों की पीठ ने इस जटिल कानूनी सवाल पर बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मसले पर प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ विचार कर रही है। पीठ 16 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिसमें मुंबई स्थित प्रॉपर्टी ओनर्स एसोसिएशन (पीओए) द्वारा 1992 में दायर मुख्य याचिका भी शामिल है। पीओए ने महाराष्ट्र आवास और क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) अधिनियम के अध्याय का विरोध किया है। 1986 में डाला गया, यह अध्याय राज्य के अधिकारियों को उपकर भवनों और उस भूमि का अधिग्रहण करने का अधिकार देता है जिसके आसपास रहने वाले 70 प्रतिशत लोग रिस्टोरेशन के लिए ऐसा अनुरोध करते हैं।

पीओए और अन्य ने अधिनियम के अध्याय को चुनौती

नौ सदस्यीय पीठ में मुख्य न्यायाधीश के अलावा न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति बी नागरत्ना, न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति आगस्टीन जॉर्ज मसीह शामिल हैं। पीओए और अन्य ने अधिनियम के अध्याय को चुनौती दी है, जिसमें दावा किया गया है कि अध्याय के प्रावधान जमीन मालिकों भेदभाव करते हैं और उन्हें बेदखल करने का प्रयास करते हैं।

ज्योतिरादित्य की मां माधवी राजे सिंधिया की हालत गंभीर

विजय मत, ब्यूरो ग्वालियर

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां राजमाता माधवी राजे सिंधिया पिछले तीन माह से एम्स में उनका इलाज चल रहा है। बुधवार को राजमाता माधवी राजे के अचानक एम्स अस्पताल में हालत बिगड़ने की सूचना मिली थी। गुना लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां राजमाता माधवी राजे सिंधिया की तबीयत फिर बिगड़ी है। ज्योतिरादित्य की धर्मपत्नी प्रियदर्शनी राजे सिंधिया दिल्ली के लिए रवाना हो रही हैं। उनके दो मई तक के दौरे निरस्त कर दिए गए हैं।

शाह की भविष्यवाणीः भाई-बहन बच जाएंगे कांग्रेस की हार के बाद चढ़ेगी खड़गे की बलि

विजय मत, ब्यूरो कोरबा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को छत्तीसगढ़ के कोरबा में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस की हार की भविष्यवाणी की। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की ओर इशारा करते हुए अमित शाह ने कहा, भाई-बहन बचकर निकल जाएंगे, कांग्रेस की हार का ठीकरा मल्लिकार्जुन खड़गे पर फूटेगा।

अमित शाह ने कहा, खड़गे कहते हैं कि नरेंद्र मोदी आएंगे तो गरीबों का सत्यानाश होगा। मैं खड़गे से पूछना चाहता हूं 25 करोड़ गरीबों को गरीबी रेखा से बाहर निकालना, गरीबों का फायदा हुआ या नहीं हुआ। 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त में राशन देना फायदा है या नहीं। 12 करोड़ माताओं को शौचालय मिला, फायदा है या नहीं है। 4 करोड़ लोगों को घर दिया, फायदा है या नहीं है। 14 करोड़ लोगों को नल से जल दिया।

एक साल में रहा बेमिसाल प्रदर्शन... शीर्ष नेतृत्व का जीता दिल

भाजपा की तुणीर का अचूक तीर आशीष

विजय मत, भोपाल

29 अप्रैल 2023 को भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा मध्यप्रदेश में सांगठनिक परिवर्तन करते हुए आशीष अग्रवाल को मीडिया टीम का नया कप्तान बनाने का फैसला किया था। यह नियुक्ति उस वक्त की गई थी जब राज्य विधानसभा चुनाव की तैयारियां चल पड़ी थीं। प्रदेश मीडिया प्रभारी लोकेन्द्र पराशर की जगह ग्वालियर से ही एक ऐसे चेहरे को नेतृत्व ने अहम जिम्मेदारी सौंपी जिसके पास मीडिया प्रबंधन को लेकर कोई खास अनुभव नहीं था और भाजपा की राजनीति में उनकी कोई चर्चा कभी नहीं हुई थी। विधानसभा चुनाव की सबसे कठिन चुनौतियों में मीडिया मैनेजमेंट का लक्ष्य बेहद कड़ी परीक्षा थी लेकिन आशीष अग्रवाल अपने राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी परीक्षा में फुल मार्क विद डिस्टेंशन पास हुए। यह उनके जीवन मे बड़ी उपलब्धि कही जा सकती है। पूरे विधानसभा चुनाव के दौरान अपनी तार्किक, सटीक और स्पष्ट नपी तुली धारदार शैली से प्रदेश मीडिया प्रभारी अग्रवाल ने निर्विवाद रूप से असाधारण भूमिका निभाई। उन्होंने प्रवक्ताओं की टीम को साथ लेकर विपक्षी दलों पर संयमित आक्रामकता के अनेकों उदाहरण प्रस्तुत किए।

लोकसभा चुनाव को प्रभावी अंजाम देने में जुटा मप्र भाजपा मीडिया विभाग

एक वर्ष के कार्यकाल में आशीष अग्रवाल ने मीडिया विभाग में समय समय पर आवश्यक बदलाव करते हुए उसे अत्याधुनिक सशक्त बनाया है। विधानसभा चुनाव में भाजपा को राज्य में पांचवीं बार प्रचंड बहुमत मिला। उन्होंने मीडिया विभाग की कार्यशैली के साथ उसकी कार्य क्षमता को विकसित किया है। खुद को पीछे रखकर प्रवक्ताओं एवं पैनलिस्ट को पार्टी का पक्ष रखने के अवसर प्रदान किए। कमोवेश ऐसा ही कड़ी मेहनत लोकसभा चुनाव मे मीडिया विभाग कर रहा है। प्रदेश भर के जिला एवं संभागीय मीडिया प्रभारियों से समन्वय बनाकर आशीष ने विपक्षी दलों के सामने कई बार मुश्किलें खड़ी कीं। सांगठनिक कौशल के मामले में भी देखें तो वे निपुण हैं। सैकड़ों पत्रकारों को साधने की कला उन्हें पूर्ववर्ती मीडिया प्रभारियों से अलग खड़ा करती है। उन्होंने राष्ट्रीय नेतृत्व को अपनी परफार्मेंस से प्रभावित किया है। मध्यप्रदेश के मीडिया प्रबंधन और टीम वर्क आज शीर्ष नेतृत्व के सामने उदाहरण बन गया है। जिसकी चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तक अन्य राज्यों की इकाइयों के समक्ष कर चुके हैं। यह कहने में संकोच नहीं है कि उन्होंने अपनी कार्यशैली से पूर्ववर्ती सभी मीडिया प्रभारियों को पीछे छोड़ दिया है। फिलहाल, भाजपा का मीडिया विभाग लोकसभा चुनाव की रणभूमि पर अपनी प्रभावी भूमिका का जबरदस्त प्रदर्शन कर रहा है। आशीष को भाजपा के मीडिया को अत्याधुनिक बनाने और टीमवर्क से काम करने वाले प्रदेश मीडिया प्रभारी के तौर पर हमेशा याद किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सहित तमाम संगठन के नेताओं को आशीष ने प्रभावित किया है। शीर्ष नेतृत्व का आशीष इस युवा नेता को भविष्य मे कोई बड़ी भूमिका देने पर अवश्य ही विचार करेगा। आशीष अग्रवाल की मोर्चेबंदी के कारण ही कांग्रेस हाईकमान ने हाल ही में अपने वरिष्ठ और मेधावी नेता मुकेश नायक को मीडिया विभाग का अध्यक्ष बनाया है।

भोपाल में 8 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दिए एसआईटी गठित जांच के आदेश, 3 लोग गिरफ्तार

विजय मत, भोपाल

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के एक निजी स्कूल के हॉस्टल में आठ वर्षीय लड़की के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मामले की जांच विशेष जांच दल से कराने का आदेश दिया है। पुलिस ये पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि घटना कब हुई थी। मिसरोद पुलिस स्टेशन प्रभारी मनीष राज भदोरिया ने कहा, एक निजी स्कूल के गर्ल्स हॉस्टल में आठ साल की बच्ची के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया।

इन मामलों में दर्ज हुआ केस

इस संबंध में एक शिकायत के बाद, पुलिस ने मंगलवार रात तीन लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 (दुष्कर्म) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के प्रावधान के तहत मामला दर्ज किया। हालांकि, आरोपियों के नाम एफआईआर में दर्ज हैं, लेकिन उनकी पहचान स्थापित की जा रही है। बताया जा रहा है कि अपराध से पहले पीड़िता को नशीला पदार्थ दिया गया था। हालांकि, इस मामले में भदोरिया ने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ये सभी बातें स्पष्ट हो जाएंगी।

छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में 10 नक्सली ढेर

विजय मत, रायपुर

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर और कांकेर जिलों की सीमा पर सुबह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत दस नक्सली मारे गये। 15 दिनों के भीतर नक्सलियों के लिए यह दूसरा बड़ा झटका है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मंगलवार की मुठभेड़ स्थल कांकेर के कालपेर गांव से 30 किमी दक्षिण में था, जहां 16 अप्रैल को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए थे। उन्होंने बताया कि मारे गए दो कैडरों की प्रथम दृष्टया पहचान जोगन्ना और विनय उर्फ अशोक के रूप में हुई है, दोनों माओवादियों के डिवीजनल कमेटी सदस्य थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि उनकी सरकार नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ रही है।

उज्जैन के गुरुकुल में यौन शोषण का सनसनीखेज मामला

नाबालिगों ने की अनैतिक कृत्य की शिकायत, दो आचार्यों पर केस दर्ज

विजय मत, ब्यूरो उज्जैन

संभाग भर के कई स्थानों से नाबालिग बच्चे दंडी आश्रम में आए तो कर्मकांड और वेद पाठ सीखने थे, लेकिन यहां के कुछ कथित आचार्यों ने उन्हें पंडिताई सिखाने की बजाय उनका यौन शोषण कर दिया। तीन नाबालिग बच्चों द्वारा दिए गए आवेदन के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आचार्यों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश शुरू कर दी। एक आचार्य गिरफ्त में आ चुका है जबकि एक की तलाश जा रही है। बता दें कि बड़नगर रोड स्थित दांडी आश्रम में पंडिताई की शिक्षा ग्रहण करने वाले तीन नाबालिग किशोरों के साथ

यौन शोषण और अनैतिक कृत्य का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आश्रम के ही दो आचार्य ने इन किशोरों के साथ यौन शोषण और अनैतिक कृत्य किया। मामले में महाकाल थाना पुलिस ने एक आरोपी आचार्य को हिरासत में ले लिया है, जबकि दूसरा आरोपी आचार्य फरार है। महाकाल थान प्रभारी अजय वर्मा ने बताया कि बड़नगर रोड स्थित दांडी आश्रम में पंडिताई की शिक्षा ग्रहण करने वाले देवास, मंदसौर और राजगढ़ जिले के तीन नाबालिग किशोर ने आश्रम के अजय आचार्य और राहुल आचार्य के खिलाफ यौन शोषण और अनैतिक कृत्य की शिकायत दर्ज कराई है।

खास खबर | **पीसीसी अध्यक्ष पटवारी के बयान पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पलटवार**

ये एक ओबीसी वर्ग के मुख्यमंत्री को पचा नहीं पा रहे हैं

विजय मत ब्यूरो, ग्वालियर

ग्वालियर में मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एक ओबीसी वर्ग के मुख्यमंत्री को पचा नहीं पा रहे हैं... वे लगातार हल्की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। जो अपने पक्ष के प्रत्याशी को बचा नहीं पाए, वो दूसरों पर कीचड़ उछाल रहे हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि वे इससे बाज आएंगे दुष्कर्म के मामले में राजनीति करने पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने महिलाओं और नाबालिग बच्चों को लेकर जो कानून बनाए है, जिनके माध्यम से उनकी पहचान छुपाना जरूरी है, क्योंकि यह पहचान आने के बाद पीड़िता की जिंदगी में निराशा आएगी.... पीड़िता की जिंदगी नर्क हो जाएगी। इसलिए यह कानून व्यवस्था का भाग है.. इससे बचना चाहिए। कांग्रेस को लेकर उन्होंने कहा कि उनको जो आंदोलन करना है, जरूर करना चाहिए, लेकिन कम से कम पीड़ित परिवार की सार्वजनिक रूप से हंसी उड़ाना, उसकी जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने के बराबर है। मैं समझ सकता हूं कि कानून के राज में उनको समझना चाहिए, लेकिन मैं मानकर चलता हूं जो कानून का सम्मान करेगा, वह कांग्रेसी हो ही नहीं सकता। कांग्रेसी हमेशा अपने आप को कानून से ऊपर मानते हैं. इसलिए उनको घमंडिया लोग कहते हैं। इन्हे माफी मांगना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो कानून तोड़ेगा उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने आग्रह किया कि निर्वाचन के इस दौर में सभी को अपनी-अपनी मर्यादा में रहना चाहिए। जो मर्यादा तोड़ेगा, वो इसकी कीमत चुकाएगा।

क्या बोले पीसीसी चीफ पटवारी

जीतू पटवारी ने कहा आदरणीय गृहमंत्री जी, आदरणीय मुख्यमंत्री जी, अभी 10 साल की बच्ची के साथ भाजपा नेताओ ने झाबुआ के जोबट में रेप किया। मैं उसके परिवार से मिलकर आया मुझ पर आपकी सरकार ने एफआईआर कर दी मैं क्यों मिलकर आया? भोपाल में 8 साल की बच्ची के साथ रेप हुआ है। क्या आप जागोगे। प्रदेशवासियों देखो जिन बेटियों के साथ रेप होता है, उनके परिवार वालों से मिलने पर यह एफआईआर करते हैं। यह अहंकार की पराकाष्ठा नहीं है तो क्या है। जिसके साथ अत्याचार हुआ है उससे मिलने भी नहीं देंगे और अत्याचार करने वालों को बचाएंगे। यह व्यवहार सरकार का है कृपया कर मोहन यादवजी चुल्लू भर पानी में डूब मरो। आप मुख्यमंत्री हो आप गृहमंत्री भी हो ऐसे मामले होने के बाद भी आप कैसे मुस्कुरा लेते हो। रोज भाषण देते हैं कहते हैं बजाओ ताली। रेप होता है इसलिए बजाएं ताली, इसलिए बजे ताली के जहां उज्जैन के आप हो वहां पर वहां सरपंच और उनकी पत्नी की हत्या कर दी जाती है। 30 साल में सबसे ज्यादा अगर कहीं क्राइम हो रहा है तो वह मध्य प्रदेश में हो रहा है। 2 लाख बहने यहां से गायब हो गई रोज 17 बलात्कार होते हैं इसलिए ताली बजाएं। शर्माना चाहिए मुख्यमंत्री जी को मेरे पर एफआईआर की। इसलिए कि मैं परिवार से मिला। मुझे फांसी दोगे तो भी मिलुंगा।

यूज़ इन शॉर्ट

स्वर्णकार समाज ने यात्रियों के लिए ठंडा प्याऊ का किया इंतजाम

शहडोल। स्वर्णकार समाज शहडोल द्वारा शहडोल रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 के मध्य रेलवे यात्रियों के लिए ठंडे पानी के प्याऊ का शुभारंभ किया गया है। समाज के मीडिया प्रभारी संजीत सोनी द्वारा जानकारी दी गयी की उक्त कार्यक्रम में रेलवे के मीना के साथ स्वर्णकार समाज के संयोजक रामदत्त सोनी, शशि सोनी सचिव, अशोक सोनी महामंत्री, विनीत सोनी कार्यकारिणी प्रमुख, सत्येंद्र सोनी, प्रदीप सराफ, मन्ना सराफ, सुघन्धिता सराफ पार्षद, गौरव सोनी, पंकज सराफ, संजय सोनी उपस्थित है। स्वर्णकार समाज द्वारा पानी प्याऊ की सेवा अगले 2 से 3 माह तक प्रदान की जायेगी।

कमिश्नर ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट कोनी का किया निरीक्षण

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने शहडोल जिले के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट कोनी का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान परियोजना प्रबंधक विजय सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

आबकारी पुलिस ने महुआ लाहन, एवं कच्ची पक्की शराब पकड़कर 38 मामले किये दर्ज

बुढ़ार। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद आबकारी विभाग ने बुढ़ार वृत के विभिन्न शराब ठिकानों पर दविश देकर भारी मात्रा में कच्ची पक्की एवं महुआ लाहन जप्त कर 38 मामले दर्ज किए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी तरुण भटनागर के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप के मार्गदर्शन में आबकारी उप निरीक्षक रजनीश त्रिपाठी के द्वारा आबकारी व्रत क्षेत्र के अवैध शराब के अड्डों पर अवैध शराब कारोबारियों पर अपना शिकंजा कसते हुए छापा मारकर 127 लीटर हाथ भट्टी शराब,12 पांव गोवा व्हिस्की पांच बोतल बियर 20 केन बियर, 26 पांव प्लेन मदिरा एवं 5820 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालयीन प्रकरण दर्ज किया है।इस धरपकड़ कार्यवाही में सीनियर आरक्षक राजेन्द्र सिंह का सराहनीय सहयोग। आबकारी उप निरीक्षक रजनीश त्रिपाठी ने बताया कि पेट्रोलिंग गस्ती के दौरान अवैध शराब विक्रय की सुचना मिलते ही मौके पर पहुंचे कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है साथ ही क्षेत्र में शराब के अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुए हैं आगे भी इसी तरह आगे भी कार्यवाही जारी रहेगा।

183 चालानों में 75,200/- रूपये समंस शुल्क वसूले

शहडोल। जिला शहडोल पुलिस द्वारा बीते दिवस बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 183 चालानों में 75 हजार 200/- रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाई पूर्वक निर्देशित किया गया।

जो जनजाति परंपरा को नहीं मानते उनको आरक्षण का लाभ न मिले: नरेंद्र मरवी

धर्म परिवर्तन रोके जाने किये जाएं प्रयास

विजय मत, शहडोल।

बुधवार को जिले की सिटी स्टार होटल में जनजाति सुरक्षा मंच के पदाधिकारी द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा शहडोल में जनजाति सुरक्षा मंच के माध्यम से बताया गया कि डी-लिस्टिंग की मांग को लेकर आगामी 1 मई 2024 को एक बड़े आंदोलन एवं महारैली का आह्वान किया गया है। इस महारैली में हजारों की संख्या में जनजाति नागरिक शामिल हुये, जिनकी एक ही मांग डी-लिस्टिंग होगी। नरेंद्र मरावी सदस्य केंद्रीय टोली जनजाति सुरक्षा मंच ने बताया कि इस भव्य रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली के माध्यम से जनजाति समाज की यह मांग है कि जिन नागरिकों ने अपनी मूल संस्कृति और अपने मूल धर्म को छोड़कर विदेशी धर्म (जैसे ईसाई या इस्लाम) अपनाया उन्हें अनुसूचित जनजाति की श्रेणी से तत्काल बाहर किया जाए (डी- लिस्टिंग) और इसके लिए आवश्यक संवैधानिक संशोधन किए जाए। चूंकि मध्यप्रदेश में भी बड़ी संख्या में धर्म परिवर्तन करने वाले लोगों के द्वारा मूल जनजातियों के हिस्से की सुविधाओं को अवैध रूप से छीना जा रहा है, जिसमें आरक्षण भी एक प्रमुख तत्व है, इसलिए हम चाहते हैं कि मध्यप्रदेश के जनजातियों के साथ-साथ देश के करोड़ों जनजातियों के साथ हो रहे अन्याय को रोका जाए और धर्मान्तरितों को डी-लिस्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सहित भारत में धर्मांतरण स्वतंत्रता के पूर्व से ही भारत के अनुसूचित जनजातियों के लोगों के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है। विदेशी धर्म के द्वारा मध्यप्रदेश के लोगों का धर्म परिवर्तन कराना कोई नई घटना नहीं है, लेकिन पिछले कुछ दशकों से इसमें भारी वृद्धि देखी गई है। इस तरह के धर्मातरण जनजाति समुदाय को एक धीमे जहर की तरह प्रभावित कर रहे हैं और यह उनके मूल विश्वास, संस्कृति, रीति-रिवाजों और अनुष्ठानों को समाप्त कर रहे हैं।

दरअसल जनजाति समाज को आरक्षण इसीलिए दिया गया है ताकि उनकी सामाजिक, आर्थिक स्थितियों को ऊपर उठाया जा सके। लेकिन जनजाति आरक्षण का मूल उद्देश्य तब अर्थहीन हो जाता है, जब जनजाति अपने मूल विश्वास और संस्कृति एवं रीति-रिवाजों को अस्वीकार कर दूसरे धर्म में परिवर्तित हो जाता है।अब प्रश्न यह उठता है कि जब कोई व्यक्ति अपने समुदाय की ही पहचान खो देता है तो वह अपनी मूल पहचान की रक्षा और उसे बनाए रखने के लिए दिए गए लाभों को उठाने का पात्र कैसे हो सकता है। इसीलिए अपनी मूल संस्कृति, रीति-रिवाजों, भाषाओं, परंपराओं एवं पुरखों की विरासत को बचाने के लिए जनजाति सुरक्षा मंच ने एक पोस्टकार्ड पीएम् के नाम प्रधानमंत्री के नाम एक पोस्ट कार्ड लिखने का आवाह्न किया है, जिसमे जनजाति व्यक्ति पाने लिए और जनजाति समाज के लिए डी लिस्टिंग की मांग करेगा तथा नवंबर 2024 को चलो दिल्ली का आयोजन किया है, जिसमें देश के सभी जिलों से हजारों की संख्या में जनजाति समाज के लोग शामिल होंगे। उन्होंने पत्र में कहा है कि हम सभी से इस बात का अनुरोध करते हैं कि विदेशी धर्मों से गरीब अनुसूचित जनजातियों को बचाने में और उनसे संघर्ष करने में हमारी सहायता करें, अन्यथा जनजाति समुदाय की बहुत सी पहचान और लक्षण कुछ ही समय में विलुप्त हो जाएगी।पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जनजाति सुरक्षा मंच की ओर से प्रकाश सिंह उइके (पूर्व जज एवं केन्द्रीय टोली सदस्य,जनजाति सुरक्षा मंच)और सूर्यनारायण राष्ट्रीय संगठन मंत्री, भोपाल कालू सिंह मुजल्दा (क्षेत्र सोनी जी महाकौशल प्रान्त संयोजक संयोजक, जनजाति सुरक्षा मंच, इंदौर),महेश कोल,नरेंद्र मरावी सदस्य केंद्रीय टोली,जनजाति सुरक्षा मंच शहडोल जिला संयोजक ने प्रेस के सामने चर्चा की।

बिरसा मुण्डा मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ती व्यवस्थाएँ: कब सुधरेंगी पता नहीं

कमिश्नर मेडिकल एजुकेशन तरुण कुमार पिथोड़े ने लिया जायजा, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

विजय मत, शहडोल।

शासकीय बिरसामुंडा चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) शहडोल इन दिनों व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर चर्चा में हैं। अव्यवस्था का आलम यह है कि कुछ कह नहीं सकते पर जिम्मेदारों को मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं से कोई दूर-दूर तक लेना-देना नहीं है। पता नहीं इस अव्यवस्था से कब आमजनों को राहत मिलेगी पता नहीं। लेकिन एक बात तो तय है कि अगर यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में जो भी थोड़ा बहुत व्यवस्थाएं सुनिश्चित दिखाई दे रही हैं उनका क्या होगा...?

बीते दिनों सीएमई (कमिश्नर मेडिकल एजुकेशन) तरूण कुमार पिथोड़े के 13 अप्रैल को दौरे के बाद भी हालात में सुधार नहीं हुआ। मेडिकल कॉलेज में हमेशा पाइप लीकेज के कारण प्रसूति वार्ड के बाहर पानी भरा रहता है। यह समस्या लगभग पांच माह से ज्यादा समय से है।

फर्श में फिसलन से गिरकर मरीज होते हैं चोटिल

बता दें कि मेडिकल कॉलेज शहडोल में मरीज व परिजनों को फर्श में फिसलन से गिरकर चोटिल होने से बचाने के लिए ब्लीचिंग पावडर से पानी को रोकने की नाकाम कोशिश की गई है। खास बात यह है कि मध्यप्रदेश रोड डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (एमपीआरडीसी) के डीएम ने 15 अप्रैल को मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर 18 तारीख तक सब कुछ ठीक करने की बात कही थी,

लेकिन उनका निरीक्षण भी खानापूर्ति ही साबित हुआ।

लड़खड़ाती नजर आ रही मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाएं

मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाएं भी लड़खड़ाती नजर आ रही हैं। मेडिकल कॉलेज में इलाज करा रहे मरीज अपने परिजनों को हो रही अव्यवस्थाओं को लेकर शिकायत भी कर रहे हैं। अब इन बिगड़ते हालातों के बीच शहडोल मेडिकल कॉलेज ने भी अपनी परेशानी जाहिर कर दी है। मेडिकल कॉलेज में मानव संसाधनों की भारी कमी है। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर्स और स्टाफ की कमी है, जिससे इलाज में दिक्कत हो रही है।

मरीज को करना पड़ रहा है परेशानियों का सामना

मेडिकल कॉलेज में मरीजों को गर्मी के दिनों में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मूलभूत सुविधाएं होने के बावजूद विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों को सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मेडिकल कॉलेज के अधिकांश वार्डों में कहीं कुलर बिगड़ा हुआ तो कहीं कुलर में पानी नहीं, और तो और लगभग पांच दिनों से बच्चा वार्ड के आइसीयू वार्ड में प्रसूताओं के लिए अलग से बनाए गए कमरे में झाड़ू और वार्ड की सफाई नहीं होने से मरीज परेशान हैं।

झाड़ू लगा कर कोरम पूरा

मेडिकल कॉलेज का नजारा ऐसा है कि जब किसी प्रशासनिक अधिकारी का निरीक्षण होता है तब व्यवस्थाएं दिखाने के लिए चाक चौबंद कर दी जाती हैं इसके बाद सफाई कर्मचारी झाड़ू लगाएंगे तो पोछा नहीं लगाएंगे जिससे वार्डों में गंदगी और बदबू आने से लोगों को हर दिन दो चार होना पड़ रहा है। मरीजों की परेशानी को लेकर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के जवाबदारों द्वारा कभी वार्डों का निरीक्षण तक नहीं किया जाता जिससे सफाई कर्मचारी मनमानी कर अपनी हाजिरी लगाकर कोरम पूरा कर रहे हैं।

कैमरे हैं पर काम के नहीं

मेडिकल कॉलेज में कैम्पस में कैमरे तो लगाए गए हैं, लेकिन इनकी मॉनिटरिंग नहीं होती है। न तो प्रशासक का ध्यान समस्याओं की ओर जाता है और न ही व्यवस्था से जुड़े अन्य लोगों का ध्यान जाता है। कहने को यहां पर डीन के साथ साथ मेडिकल कॉलेज अधीक्षक जैसे पद वाले लोग जिनको जिम्मेदार कहा जाता है वह मेडिकल कॉलेज आते हैं पर राउंड नहीं लेते जिसके कारण स्थिति में सुधार नहीं होता है।

पानी की समस्या से निजात दिलाने में भी बेपरवाही

मेडिकल कॉलेज में गर्मी का मौसम प्रारंभ होने के साथ ही पानी की किल्लत शुरू हो गई है। शुक्रवार को सेंट्रल पैथोलॉजी लैब में पानी की कमी के कारण उपकरणों की की सफाई नहीं हो सकी। यहां पर कुछ नलकूप के भरोसे 3 हजार से ज्यादा स्टॉफ व मरीजों को पानी की आपूर्ति की व्यवस्था है। मेडिकल कॉलेज में पानी की कमी नहीं पड़े इसके लिए नगर पालिका से पेयजल आपूर्ति के लिए पाइन लाइन बिछाई गई है, लेकिन पानी नहीं दिया जा रहा है। इसका सीधा नुकसान यहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों को हो रहा है।

सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण जन्म पर झूम उठे श्रद्धालु

विजय मत, शहडोल।

नगर के पटेल नगर के द्विवेदी परिवार में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में आयोजित कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन , कथा व्यास आचार्य श्री जानकीनंदन जी महराज जी वृन्दावन धाम वाले का कथा सुनने प्रतिदिन पहुंच रहे श्रध्दालु , सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 27 अप्रैल से 4 मई तक शाम 4 बजे से 8 बजे तक चल रहा है द्विवेदी परिवार में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में मंगलवार देर शाम को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा के दौरान जैसे भगवान का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान लोग झूमने-नाचने लगे। कथा व्यास आचार्य श्री जानकीनंदन जी महाराज वृन्दावन धाम ने कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथावाचक ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है। भागवत कथा के आयोजन से श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। भगवान श्रीकृष्ण की वेश में नन्हें बालक के दर्शन करने के लिए लोग लालायित नजर आ रहे थे। कथा वाचक ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई, चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन किया।प्रमुख श्रोता पंडित शिवराम द्विवेदी एवं श्रीमती जानकी द्विवेदी और आयोजक अशोक द्विवेदी एवं संतोष द्विवेदी सपरिवार आरती व पूजा पाठ किए।

बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया जाने पर शहडोल पुलिस प्रशंसा की पात्र है : कैलाश तिवारी

शहडोल। कोतवाली शहडोल पुलिस द्वारा बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया जाने पर पूरी टीम की प्रशंसा करते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कैलाश तिवारी ने कहा है कि बाइक चोरों का गिरोह लंबे समय से यहां पर अपनी कारगुजारी कर रहा था। ऐसे में पुलिस ने यह कार्रवाई कर 27 वाहन जप्त किया जो की पुलिस प्रशासन के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। भाजपा नेता कैलाश तिवारी ने कहा है कि शहडोल शहर में बिना नंबर के मोटरसाइकिल, स्कूटी ,कार खुलेआम से चलाई जा रहे हैं। उन पर भी पुलिस अगर नजर रखे तो और भी मामले सामने आ सकते हैं।

खेल

सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल का हुआ शुभारंभ

वगैर एकाग्रता के कार्यों में नहीं मिलती सफलता:जामोद

विजय मत, शहडोल।

कमिश्नर शहडोल संभाग बी एस जामोद ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो इसके लिए ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा हमारी सबसे बड़ी पूंजी शरीर का स्वस्थ होना है, इसके बिना हम कोई भी कार्य नहीं कर सकते हैं शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेलकूद की गतिविधियां आवश्यक हैं, शरीर स्वस्थ होगा तो हम सब कुछ अर्जित कर सकते हैं। उक्त उद्गार कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने आज संभागीय मुख्यालय शहडोल के महात्मा गांधी स्टेडियम में आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए।

कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने प्रशिक्षण के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद की गतिविधियो में दक्ष बनाने हेतु ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेलकूद के साथ चित्रकला, कविता लेखन,योग आदि की गतिविधियां ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण में शामिल है तथा प्रशिक्षण देने वाले शिक्षकों से बच्चे छोटी सी छोटी चीजों को सीखें और अपनी कला को निखारकर आगे बढ़े।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीजीपी श्री डीसी सागर ने कहा कि कोई भी कार्य में सफल होने के लिए एकाग्रता का होना आवश्यक है हम एकाग्रता के बिना कार्यों में सफल नहीं हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण में खेलों का प्रशिक्षण लें तथा शरीर को स्वस्थ रखने के लिए चना, मूंग जिससे अन्य पौष्टिक आहार जरुर खाए, खेलने ले पहले खिलाड़ी कुछ पौष्टिक आहार का सेवन अवश्य करें। उन्होंने कहा कि खेलकूद से शरीर के विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सहदेव मरावी ने अभी अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद एवं एडीजीपी डीसी सागर ने सूर्य नमस्कार में सहभागिता निभाई तथा खेलो का महत्व बताने के लिए नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किया गया। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा, जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मरपाची सहित अन्य अधिकारी व खिलाड़ी उपस्थित थे।

एसडीएम ने किया खाद्य प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

शहडोल। कलेक्टर तरुण भटनागर के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा ग्राम सेमरा में संचालित गोनिधि डेयरी में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनु विभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह व आर के सोनी खाद्य सुरक्षा अधिकारी शहडोल शामिल थे। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई के निर्देश दिए गए दूध और पनीर की जांच की गई,गुणवत्ता जांच हेतु दूध और पनीर के नमूने लिए गए जिन्हें खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। बुढार में संचालित रजवाड़ा रेस्टोरेंट का भी निरीक्षण किया गया।

विवि में रासेयो चलाया नशा मुक्ति अभियान

विजय मत, शहडोल।

पंडित एस एन शुक्ला विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई एवं विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल के संयोजन में दिनांक 23 अप्रैल से 26 अप्रैल तक नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

सचिव व जिला न्यायाधीश श्रीमती कुमुदिनी पटेल के निर्देशन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। ग्राम छतवई, कल्याणपुर एवं शहडोल में यह कार्यक्रम आयोजित हुई। एक नई रोशनी हम लायेंगे, अभियानों से नशा मुक्ति हम भारत देश बनाएंगे गीत के माध्यम से लोगों में नई ऊर्जा का सृजन कर नशा छोड़ने और सहज जीवन जीने के लिए जागरूक किया गया। गौरतलब है कि विगत कई वर्षों से शहडोल संभाग में युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ते जा रही है। बिना किसी रोक के नशीले पदार्थों की खरीदी हो रही है।स्कूली बच्चे भी दिशाहीन होकर नशे में अपने भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं। ऐसे में एक जागरुक युवा ही इन चीजों से दूर रहकर समाज के उत्थान में सहभागी हो सकता है।

कुमुदिनी पटेल ने कहा कि नशे की आदत छूटने में समय लगता है। व्यक्ति कई प्रकार की शारीरिक व मानसिक समस्याएं झेलता है। ऐसे में उसे पूरा सहयोग देने के लिए एवं उसके संकल्प को पूर्ण करने के लिए नशा मुक्ति केंद्र का गठन हुआ है। उचित सहयोग व इनाम राशि देकर व्यक्ति के पुनर्विकास किया जाएगा।साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयसेवको के प्रयासों को प्रशंसा की। कार्यक्रम में रासेयो पूर्व वरिष्ठ स्वयंसेवक सत्येंद्र सिंह चौहान, श्रुति तिवारी, सुचिता तिवारी, शाहीन खान, नीलेश प्रजापति,उत्तरा विश्वकर्मा, राजकुमार जाटव, अनामिका सिंह धुर्वे, प्रीति विश्वक्रम, कृतिका शर्मा, अभिषेक श्रीवास्तव आदि स्वयंसेवकों ने सहभागिता निभाई।

मजदूर के श्रम से ही संभव है राष्ट्र की समृद्धि और श्रेष्ठता: प्रो. नीलिमा गुप्ता

विजय मत, ब्यूरो, सागर

डॉक्टर हरीसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग के तत्त्वावधान में अभिमंच सभागार में व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने की. स्वागत भाषण विभागाध्यक्ष प्रो. पी. एस. काम्बले ने दिया. अयोजन सचिव डॉ. वीरेंद्र मटसेनिया ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि हमें देश के आर्थिक विकास के लिए मजदूरों की जितनी हो सके सराहना करनी चाहिए तभी हम भारत जैसे विशाल देश की आधारभूत संरचना में मजदूरों के योगदान को समझ पाएंगे। आज हमें उनकी प्रासंगिकता को याद कर उनके लिए विशेष कार्य करने की आवश्यकता है तभी वे अपना खुशहाल जीवन जी सकेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

के उपलक्ष्य में आज हम जिस अभिमंच सभागार में कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं उसकी नींव भी मजदूरों द्वारा ही रखी गई है। हम इस दिवस को मेहनतकश मजदूरों के योगदान के रूप में मना रहे हैं। हम मजदूरों के योगदान को देखते हुए उन्हें मजदूर और मजबूर नहीं कह सकते क्योंकि उनका राष्ट्र निर्माण में बहुत ही अभिन्न योगदान है। देश और दुनिया में जितना भी आधारभूत संरचनाओं का विकास हुआ है उसमें मजदूरों का ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है. किसी भी श्रेष्ठ राष्ट्र के सौन्दर्य की नींव में मजदूरों का श्रम ही है. देश के विकास की नींव मजदूरों के कधों पर ही टिकी है. इसलिए मजदूरों के कल्याण हेतु हम सबको संयुक्त रूप से प्रयास करना होगा तभी हम उनके योगदान की सार्थकता को प्रमाणित करने में सफल हो सकेंगे। मजदूर का श्रम ही राष्ट्र की समृद्धि और श्रेष्ठता का आधार है.

मुख्य वक्ता एडवोकेट राजू प्रजापति ने मजदूरों के लिए बनाए गए कानूनों को विस्तार से समझाया और कहा यदि सभी संस्थाएं कानूनों का ठीक से पालन करें तो वह दिन दूर नहीं जब मजदूर भी अपना जीवन बेहतर ढंग से जी सकेंगे। मजदूरों में शिक्षा एवं जागरूकता का अभाव होता है इसलिए वे कानून को ठीक ढंग से क्रियान्वित नहीं करा पाते हैं इसलिए नियोक्ता द्वारा उनका हमेशा ही शोषण किया जाता है। आज सभ्य समाज को जरूरत है कि वह मजदूरों के महत्व को समझें और उनके योगदान को राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में अपना योगदान प्रदान करें। प्रो. चंदा बैन ने कहा कि मजदूर वर्ग को कमजोर और लाचार न समझा जाए। हमें सब को उनके श्रम से ही बेहतर जीवन उपलब्ध हो पा रहा है. यदि हम अपने जीवन से श्रमिकों के योगदान को निकाल दें तो हमारे जीवन भी निरर्थक हो जायेगा। हमें मजदूरों को दया का पात्र नहीं समझना है. समाज में उनकी सार्थकता कैसे स्थापित हो इसके लिए हम सबको कार्य करना है । देश की उन्नति में मजदूरों का सबसे बड़ा योगदान होता है इसलिए हमें उनके हक अधिकारों को दिलाने के लिए कार्य करना होगा। यह समाज के प्रत्येक जागरूक व्यक्ति का कर्तव्य भी है।

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीना में सांस्कृतिक संध्या

विजय मत, ब्यूरो, बीना

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीना में विगत दिवस भारतीय संस्कृति, सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास, समाज सुधार, बालिका शिक्षा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, मतदान जागरूकता, दहेज प्रथा, सोलह संस्कार आदि विषयों से युक्त रंगारंग वार्षिक उत्सव समारोह का मंचन 700 भैया बहिनों के माध्यम से हुआ। इस विशाल कार्यक्रम में बीना नगर के हजारों की संख्या में अभिभावक बंधु, माताएं, बहिनें, गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन, सरस्वती वंदना से शुरू हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भालचंद रावले क्षेत्रीय संगठन मंत्री मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ विद्या भारती मध्य क्षेत्र ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर बालक का सर्वांगीण विकास करता है। शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक विकास करने के लिए साल भर कार्यक्रम करता है। श्रेष्ठ नागरिक बनाने का कार्य भी सरस्वती शिशु मंदिर ही करता है। यह सारा

काम समाज के सहयोग से चलता है। प्रत्येक क्षेत्र में सरस्वती शिशु मंदिर से निकले छात्र पदस्थ हैं। उन्होंने सभी से देशहित में 100त्न मतदान करने का आग्रह किया हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित दबे संगठन मंत्री महाकौशल प्रांत ने भैया बहिनों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का परिचय एवं आभार विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार मुडोतिया ने व्यक्त किया। अतिथि स्वागत प्रीतम तिवारी ने किया। मंच संचालनभगत सिंह वार्ड विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र तिवारी के मार्गदर्शन में भैया बहिनों ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी भैया बहिनों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में विभाग समन्वयक राजकुमार ठाकुर, जिला सचिव महेश अग्रवाल, कार्यक्रम की विशिष्ठ अतिथि डॉ रश्मि जैन प्राध्यापक, जिला संघचालक संजीव जैन, नगर संघचालक मुरारी गोस्वामी, डॉ संध्या टिकेकर समिति अध्यक्ष, अंकित जैन व्यवस्थापक, सचिन कटारे सह सचिव, पंडित दशरथ पुरोहित, रामसमीप शुक्ला जिला प्रचारक, यशवंत राव आठले, रामनाथ, अशोक राय, तिलक सिंह यादव प्राचार्य जैसीनगर, रूपनारायण खरे प्राचार्य मंडीबामोरा, नारायण राव धर्मपुरीकर प्राचार्य खुरई, शरद पटेल प्रधानाचार्य देवरी, दिनेश जैन, गगन जैन मीडिया प्रभारी भूपेंद्र सिंह ठाकुर एवं अभिभावक बंधु उपस्थित रहे।

न्यूज इन शॉर्ट

कार से घूमकर खिला रहे थे आइपीएल पर सट्टा, तीन गिरफ्तार

भोपाल। शहर में कार से घूमते हुए आइपीएल क्रिकेट पर सट्टा खिला रहे तीन युवकों को कहेफिजा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से नकदी, मोबाइल फोन, कार जब्त की है। साथ ही एक लाख रुपये से अधिक का सट्टे का हिसाब किताब भी मिला है। कोहेफिजा थाने के टीआइ बृजेंद्र मर्सकोले ने बताया कि सोमवार रात मुखबिर से पता चला था कि लालघाटी इलाके में कार से घूम रहे तीन युवक फोन पर वाट्सएप के माध्यम से आइपीएल मैच पर सट्टा बुक कर रहे हैं। पुलिस ने मोबाइल नंबरों के आधार पर युवकों की लोकेशन पता की। लगातार कार से चलते रहने के कारण उनकी लोकेशन बार-बार बदल रही थी। पुलिस लोकेशन के आधार पर उनका पीछा कर रही थी। रात करीब एक बजे सटोरियों की स्थाई लोकेशन एयरपोर्ट रोड स्थित दाता कालोनी की मिलने लगी। इस आधार पर पुलिस ने रात सवा एक बजे दाता कालोनी से बैरागढ़ निवासी 27 वर्षीय दीप बजाज, 25 वर्षीय हर्षिल होजवानी और 25 वर्षीय रीतेश को हिरासत में ले लिया। तलाशी में उनके पास से 3800 रुपये, चार मोबाइल फोन और सट्टे का हिसाब किताब मिला। पूछताछ में पता चला कि वह कार क्रमांक एमपी-04-एबी- 8146 से शहर में घूमते हुए वाट्सएप चेटिंग के माध्यम से सट्टा बुक कर रहे थे। इसके लिए उन्होंने एक आइडी भी ले रखी थी। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। तीनों इसके पहले भी आन लाइन सट्टा खिलाने के आरोप में गिरफ्तार हो चुके हैं।

नोटिस देने के बाद भी नहीं कराया पंजीयन, पांच शादी हाल सील

भोपाल। नगर निगम की टीम ने मंगलवार को शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में संचालित पांच मैरिज गार्डनों को सील कर दिया। इन्हें निगम ने दो दिन पहले ही भवन अनुज्ञा शाखा द्वारा नोटिस जारी किया गया था। इसके बावजूद मैरिज गार्डन संचालकों ने पंजीयन नहीं कराया था।भवन अनुज्ञा शाखा के एई एके साहनी ने बताया कि बीते एक सप्ताह में शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में संचालित 20 से अधिक मैरिज गार्डनों को सील किया जा चुका है। जबकि निगम ने 40 मैरिज गार्डनों को बीते महीने नोटिस थमाए थे। इस लिहाज से 20 मैरिज गार्डनों को ओर सील किया जाना है। शहर में 100 मैरिज गार्डनों को निगम ने साल 2021 में संचालन की अनुमति दी थी। ज्यादातर के तीन साल पूरे हो चुके हैं। इनमें से 60 ने अनुमतियों के लिए आवेदन कर दिया है। लेकिन 40 ने आवेदन की पहल नहीं की। इसलिए निगम ने पहले इन्हें नोटिस थमाए, फिर कार्रवाई शुरू की। मंगलवार को भवन अनुज्ञा शाखा के अमले के साथ ही जोनल अधिकारी और अतिक्रमण अमले की मौजूदगी में अयोध्या बायपास स्थित तारादीप मैरिज गार्डन, एक्स के पीछे स्थित सुंदर वेली मैरिज गार्डन, होशंगाबाद रोड स्थित नंदन पैलेस, शगुन मैरिज गार्डन और द मार्क होटल एण्ड क्लब को सील किया गया है।

जब अचानक सफाई दरोगा के बुलाने पर तुरंत नाला सफाई का कार्य देखने पहुंचे: निगमायुक्त

विजय मत, ब्यूरो, सागर

सुबह का समय था और नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री प्रतिदिन की भांति शहर का भ्रमण कर नगर निगम और स्मार्ट सिटी द्वारा किए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों और नगर की सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे थे तभी करीब प्रातः 8.30 बजे लक्ष्मीपुरा वार्ड सफाई दरोगा का फोन आया और उसने इतवारा बाजार में सरस्वती मंदिर के पीछे किए जा रहे हैं नाला सफाई कार्य के दौरान आ रही परेशानी से निगमायुक्त को अवगत कराया , तो स्वयं निगम आयुक्त ने सफाई दरोगा द्वारा बताए गए स्थल पर पहुंचकर नाले की सफाई कार्य को देखा और आसपास के नागरिकों से चर्चा की और नागरिकों और निगम अधिकारियों के सहयोग से नाला सफाई की योजना बनाकर नाले की

सफाई कराने के निर्देश दिए।

साथ ही धर्मशाला के नीचे हेयर सैलून कटिंग की दुकान द्वारा गंदगी फैलाने पर उसका एक हजार रुपए का चालान काटने के संबंधित जोन प्रभारी को निर्देश दिए और नाली का चौंबर खुलवाकर उसकी सुरक्षात्मक तरीके से अच्छे से नाली की सफाई कराने जोन प्रभारी को निर्देशित किया।

मरीजों के रिकार्ड डिजिटाइजेशन में एम्स भोपाल देश में अव्वल, आनलाइन केस हिस्ट्री देख सकेंगे डाक्टर

भोपाल। एम्स भोपाल ने मरीजों का डिजिटल रिकार्ड मेंटेन करने में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वह देश के सभी एम्स संस्थानों के मुकाबले पहले नंबर पर आ गया है। आमतौर पर मरीज अपनी जांच की रिपोर्ट या डाक्टर द्वारा पूर्व में लिखी गई दवा के पर्चे आदि संभाल कर नहीं रखते। इस कारण जब वह दोबारा इलाज के लिए डाक्टर के पास जाते हैं, तो डाक्टर को यह पता नहीं चल पाता कि मरीज ने पहले कौन सी दवाएं ली हैं या टेस्ट रिजल्ट कैसे रहे। हाल ही में स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार एम्स भोपाल में लगभग 2.25 लाख मरीजों के रिकार्ड को उनके विशिष्ट नंबर के साथ जोड़ा गया है। अब ऐसे मरीज जब भी किसी डाक्टर के पास इलाज के लिए जाएंगे, तो उनके इलाज का पूरा विवरण डाक्टर को आनलाइन उपलब्ध हो जाएगा। इससे इलाज करने में आसानी होगी। मरीज के रिकार्ड को लिंक करने के मामले में एम्स नागपुर दूसरे नंबर पर है। अस्पताल में पंजीकरण के लिए भी क्यूआर कोड स्कैन करने की व्यवस्था शुरू की है, जिससे टोकन तैयार हो सकेगा।

स्थानीय स्तर पर गठित महिला समूह द्वारा निर्मित किए गए उत्पादों की निगम सभा कक्ष में प्रदर्शनी लगाई

विजय मत, ब्यूरो, सागर

स्थानीय स्तर पर प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें प्रोत्साहन देने और उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन करने मंच देने की आवश्यकता है तो वह भी अपने शहर के नाम के साथ-साथ स्वयं भी आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार और समाज का नाम रोशन कर सकती हैं।

ऐसा ही कुछ देखने को मिला जब निगम सभा कक्ष में राष्ट्रीय आजीविका मिशन शहरी द्वारा गठित महिला स्वासहायता समूह द्वारा जिन चीजों को हम अनुपयोगी समझकर अलग कर देते हैं उन्हीं चीजों को नया रूप कलाकृतियां प्रदर्शित की तो यह मन में सहज ही विचार नहीं आया कि यह सब चीज वेस्ट(अनुपयोगी) चीजों से बनी है इसी प्रकार स्थानीय खाने-पीने की चीज भी काफी अच्छे तरीके से बनाई गई, जिनमें स्थानीय संस्कृति की झलक देखने को मिली जो शायद बड़े-बड़े शहरों में बनी वस्तुओं में देखने को नहीं मिलती इसलिए अगर इन सब वस्तुओं को एक बाजार का माहौल निर्मित किया जाए तो इन वस्तुओं को विक्रय कर महिलाएं आर्थिक लाभ अर्जित कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

इन समूहों द्वारा बनाए गए अलग-अलग उत्पादो को निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने अवलोकन ही नहीं किया बल्कि महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए इनकी खरीद भी की। इस अवसर पर समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप लोग शहर की जरूरतो को देखकर अपने उत्पाद बनाएं, साथ ही साथ उनके विक्रय का बाजार बनाने का माहौल निर्मित करें, जिससे उनका अधिक से अधिक विक्रय हो सके और नागरिकों को भी सस्ते में इन स्थानीय स्तर पर तैयार उत्पादो की प्राप्ति हो सके, जिससे आपको आय हो और परिवार में आर्थिक संतुलन बनाने में योगदान हो, उन्होंने कहा कि आप जो भी उत्पाद बनाएं उसमें वेस्ट मटेरियल का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें ताकि वह आपको सस्ते दाम में अधिक से अधिक प्राप्त हो सके, और उससे बनने वाला उत्पाद कम लागत के कारण नागरिक को भी सस्ता मिले, लेकिन ध्यान रखें की वह उत्पाद स्थानीय जरूरत के मुताबिक हो तो निश्चित ही आपको इससे लाभ होगा और आपके समूह की पहचान बनेगी।

सीएम राइज विद्यालय में समर कैम्प

विजय मत, ब्यूरो, सागर

सीएम राइज विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों मे अकादमिक गतिविधियों के अतिरिक्त प्रतिभा को पहचान कर उनकी रूचि को निखारने के लिए विद्यालयों में समर कैम्प का आयोजन शाला स्तर पर संचालित किया गया है। इसके आयोजन से विद्यार्थियों में रचनात्मक-सृजनशीलता कला-कौशल के विकास के साथ ही साथ 21वीं सदी के विभिन्न कौशलों जैसे टीमवर्क समस्या समाधान, आपसी सामंजस्य, तार्किकता आदि के गुणों का भी विकास होता है। समय कैम्प का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य श्री विनय कुमार दुबे, प्रधानाध्यापक राकेश जैन, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती बंदना, फूलमाला से की गई। मंच का संचालन श्रीमति आरती गौतम एवं श्री अमित दुबे द्वारा किया गया। समर कैम्प से संबंधित जरूरी बाते बताई गई एवं छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया।

नगर निगम द्वारा मैरिज गार्डनों को सील करने की कार्रवाई के बाद 3 मैरिज गार्डन संचालकों द्वारा कचरा प्रबंधन की राशि जमा की

4 अन्य मैरिज गार्डन को सील करने की कार्रवाई की गई

विजय मत, ब्यूरो, सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देश अनुसार शहर में स्थित मैरिज गार्डन के संचालकों द्वारा डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन -कचरा प्रबंधन की बकाया राशि जमा न करने के कारण मैरिज गार्डनों को सील करने की कार्रवाई के बाद बुधवार को 3 मैरिज गार्डन संचालकों ने नगर निगम कार्यालय में बकाया राशि जमा कर दी ।

उल्लेखनीय है कि 23 अप्रैल को नगर निगम द्वारा शहर में स्थित मैरिज गार्डनों द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन -कचरा प्रबंधन की राशि जमा न करने पर मैरिज गार्डन के संचालकों को नोटिस जारी किए गए थे जिसमें उन्हें बकाया राशि तीन दिवस के भीतर जमा करने की हिदायत दी गई थी ,अन्यथा की स्थिति में मैरिज गार्डन के पंजीयन का नवीनीकरण नही किए जाने तथा उसे सील करने की कार्यवाही करने की सूचना दी गई थी । इस संबंध में राजस्व अधिकारी श्री बृजेश तिवारी ने बताया कि मंगलवार को तीन मैरिज गार्डन जिसमें मलैया मैरिज गार्डन, ग्रीन बेली मैरिज गार्डन एवं राधा कृष्ण मैरिज गार्डन को सील करने की कार्रवाई की गई थी, बुधवार को क्रमशः दो मैरिज गार्डन के संचालकों जिनमें मलैया मैरिज गार्डन ने 1 लाख 78 हजार रुपए एवं ग्रीन वैली मैरिज गार्डन ने 1 लाख 78 हजार रुपए तथा शुक्रवारी स्थित जन्नत मैरिज गार्डन द्वारा बकाया 1 लाख 78 हजार रुपए कचरा प्रबंधन की राशि नगर निगम में जमा की।

यूपीएससी में चयनित पुलिस कर्मियों की पुत्रियों को डीजीपी ने किया सम्मानित

विजय मत, ब्यूरो, सागर

सिविल सर्विसेस 2023 (यूपीएससी) के हाल ही में घोषित परिणाम में सतना जिले में पदस्थ एसआई विजय सिंह की पुत्री काजल सिंह और रायसेन (सांची) में एएसआई के पद पर पदस्थ राजू यादव की पुत्री दिव्या यादव का यूपीएससी में चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर मंगलवार को डीजीपी सुधीर सक्सेना ने दोनों को सम्मानित किया। इस मौके पर काजल सिंह के पिता एसआई विजय सिंह व माता श्रीमती मीरा सिंह और दिव्या यादव के पिता एएसआई राजू यादव व माता श्रीमती कल्याणी यादव उपस्थित थीं। उनकी रैंक के अनुसार दिव्या यादव को आईएएस तथा काजल सिंह को आईपीएस मिलने की संभावना है।

खास-खबर गले में खराश, जुकाम, खासी, बदन दर्द और बुखार के मरीज ज्यादा

जेपी अस्पताल में बच्चों के बेड हुए फुल, बढ़ती गर्मी से उल्टी दस्त के बढ़े मरीज

भोपाल

राजधानी भोपाल बढ़ती गर्मी के कारण के जेपी अस्पताल के ओपीडी में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसमें मेडिसिन विभाग में अकेले 382 मरीज आए। ये आकड़ा मंगलवार का है। इसमें बीमार बच्चों की संख्या भी बढ़ गई है। हालात यह है कि बच्चों के बेड फुल हो चुके हैं। राजधानी में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है दिन में तेज धूप के अलावा निर्माण कार्य के चलते धूल और वायु प्रदूषण के कारण गले में खराश, जुकाम, खासी, बदन दर्द और बुखार, अस्थमा अटैक जैसे मामले बढ़ रहे हैं। साथ ही छोटे बच्चों में वायरल के साथ उल्टी दस्त और पानी की कमी के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। राजधानी भोपाल में इन दिनों

भीषण गर्मी पड़ रही है दिन में तेज धूप के अलावा निर्माण कार्य के चलते धूल और वायु प्रदूषण के कारण गले में खराशए जुकामए खासीए बदन दर्द और बुखार, अस्थमा अटैक जैसे मामले बढ़ रहे हैं। साथ ही छोटे बच्चों में वायरल के साथ उल्टी दस्त और पानी की कमी के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं।

डायरिया की संख्या ज्यादा

जेपी अस्पताल शिशु रोग विशेषज्ञ डाक्टर पीयूष पंचरत्न ने बताया कि वर्तमान में सबसे अधिक मामले बच्चों में वायरल, डायरिया, निमोनिया और उल्टी दस्त के आ रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा प्रभावित बच्चे गर्मी से हो रहे हैं। यह सीजनल रोग है इसमें सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। पिछले कुछ दिनों में बच्चों की ओपीडी संख्या 70 से बढ़ाकर 160 के पार पहुंच गई है। इसमें डायरिया की संख्या ज्यादा है। इसके लिए अभिभावकों को सलाह दे रहे हैं कि वह अपने बच्चों को बाहर लेकर नहीं जाएं। साथ ही ओआरएस का सेवन कराएं।

इनका कहना है

बढ़ती गर्मी के चलते अस्पताल में उल्टी दस्त के मरीज बढ़ रहे हैं। समय-समय पर बच्चों को पानी पिलाएं, जिससे उन में पानी की कमी ना हो सके। कमरे के तापमान को सामान्य बनाए रखें। रात को तेज ऐसी में बच्चों को ना सुलाएं। बच्चों का स्वास्थ्य जरा सा भी बदलाव देखे तो डाक्टर को दिखाएं, जिससे समय रहते बीमारी को फैलने से रोका जा सके।

मजदूर दिवस पर मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ सागर इकाई ने राज्यपाल के नाम एडीएम को सौंपा ज्ञापन

विजय मत, ब्यूरो, सागर

1 मई मजदूर दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की सागर जिला ईकाई द्वारा प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशन में राज्यपाल के नाम श्रमजीवी पत्रकारों की 21 सूत्रीय मांगों को लेकर सागर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि संगठन पत्रकारों की समस्याओं के साथ ही श्रमजीवी पत्रकारों के माध्यम से समाज और शासन के बीच सेतु के रूप में कार्य करते हुए जनकल्याण और जनहितेषी योजनाओं के क्रियान्वयन में भी सक्रिय भूमिका अदा कर रहा है। लेकिन पत्रकारों

की कई मांगें लंबे समय से लंबित हैं। पत्रकारों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाए, पत्रकार भवन की भूमि वापस हो, श्रमविभाग के सहयोग से कमेटियां बनें, संभाग व जिला स्तर पर श्रमजीवी पत्रकार प्रकोष्ठ बनाए जाएं, आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ दिया जाए, श्रमजीवी पत्रकार कल्याण आयोग का गठन हो, विज्ञापन की एक समान नीति बने, तहसील स्तर पर सूचना सहायक नियुक्त किए जाएं, टोल नाकों पर मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के कार्ड को मान्यता दी जाए, इसके अलावा कई और मांगें भी ज्ञापन में शामिल की गईं। ज्ञापन सौंपते मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई ने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश देवलिया के नेतृत्व में श्रमजीवी पत्रकारों ने ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन में संघ के जिला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकुर, जिला कार्यकरणी से क्रमशः विजय निरंकारी, चंद्रेश यादव, आशुतोष सोनी, विशम्भर नामदेव, आदित्य यादव, सोनू कुशवाहा, सुबोध मलैया, सुभम श्रीवास्तव, सुनील ठाकुर, हेमंत लाडिया, दीपक सरवैया, अभिषेक रजक,नीलेश कुमार, देवेंद्र कश्यप राहुल रजक व अन्य पत्रकार मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. श्री रामसिपाही शुक्ल

शरीर और आत्मा का रहस्य है क्या?

आपको बता दें कि लखनऊ की साध्वी आशुतोषमवारी ने 28 जनवरी24 को समाधि ली थी। उन्होंने कहा कि वह अपने गुरु आशुतोष महाराज को वापस शरीर में लाने के लिए समाधि में चली गई थीं। जो 10साल पहले ही दिव्य ज्योति संस्थान के संस्थापक श्री आशुतोष महाराज को जगाने हेतु साध्वी आशुतोषमवारी ने समाधी ली श्री आशुतोष महाराज ने 2014 मे समाधि लीं आशुतोष महाराज का शरीर जालंधर मे उनके आश्रम मे डीप फ्रीज़र द्वद्व बन्द है माँ आशुतोषमवारी की समाधि को डॉक्टरों का कहना है कि उनकी दिल की धड़कन प्लस नहीं है लेकिन ईसीजी में मूवमेंट दिख रही है और इतने दिनों लगभग 3महीने बाद भी समाधि से वापस नहीं आ रही है अब इसे आस्था की दृष्टि से देखा जाए या विज्ञान की दृश्टिकोण से यदि वैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो इसे डेड बॉडी का नाम दिया जाएगा लेकिन आस्था मे इसे समाधि का रूप ही माना जा सकता है चूंकि ऐ सारी घटना कोर्ट से मिलो मंजूरी पर हो रहा है अतः जरूर क़ोई तथ्यों के आधार पर हो रहा होगा महान गायत्री साधक पंडित श्री राम कृष्ण शर्मा आचार्य ने अपनी पपुस्तक मे जिक्र ही नहीं यहाँ तक लिखा है कि जब वो कठिन साधना में जुट जाते तो अपनी आत्मा को अंतरिक्ष में विचरण कराते तो अपार आंनद की अनुभूति होती और पुनः अपने शरीर में बापस आ जाते कुछ तो रहस्य है जिससे हम सभी अनजान हैं क्योंकि जिसे सांप के कटाने से मौत हो जाती तो उसे जलाया नहीं जाता और केलाा के पेड़ से बांधकर नदी में प्रवाहित इसी उम्मीद से करते कि शायद जिंदगी कभी मिल जाए हमने भी कई ऐसे न्यूज में पढ़ा कि चीता पर क़ोई मरा हुआ आदमी उठकर बैठ गया लेकिन जहाँ तक मेरा मत है ऐ एक बार बहुत पहले ऐ रेडियो पर न्यूज आया कि जय प्रकाश नारायण नहीं रहें और स्कूल में लोग छुट्टी होगा बाहर भी निकल गए और बाद में रेडियो पर न्यूज आया कि जीवित है और छुट्टी कैंसिल हो गई मेरे अनुसार यह एक अंध्विश्वास है क्योंकि जब ईश्वर किसी की जितने सांसे लिख देता वह उतनी ही लेता है और मरा हुआ आदमी कभी जिन्दा नहीं हो सकता है लेकिन जब यह पडने को मिलता कि रामकृष्ण परमहंस अपनी चीता से बापस लौट कर जिन्दा हो गए तो आत्मा के रहस्य को समझ ही नहीं पाता और जब ऐ सुनने को मिलता है कि ईशामसीह जमीन से नहीं क़ब्र से बाहर निकल गए थे तो हैरान गों जाता आखिर ऐ कैसे संभव है हमने तो यहाँ तक सुना है कि देवराहा बाबा जब कठिन तपस्या कर कहीं जा रहें थे तो अपनी शक्ति का परीक्षण के लिए किसी चिता पर लें जा रहे मरे हुए शरीर को जिन्दा किया था।

भारत के कमजोर नेतृत्व के कारण गई निर्दोष भारतीय की जान

रमेश शर्मा

> किसी भी सरकार की विदेश नीति और नेतृत्व कैसा होना चाहिए। कहाँ मानवीय पक्ष को प्राथमिकता हो कहाँ सख्त तेवर दिखाये जाये ये दोनों उदाहरण भारत की विभिन्न सरकारों की कार्यशैली में देखने को मिलते हैं। एक उदाहरण निर्दोष नागरिक सरबजीत सिंह का है जो धोखे से पाकिस्तान चला गया। उसे बंदी बनाकर जेल भेज दिया गया जहाँ तेइस वर्षों तक जेल में कठोर यातनाएँ देकर कैदियों ने मार डाला और भारत सरकार केवल विरोध पत्र लिखने के अतिरिक्त कुछ न कर सकी।

सरबजीत सिंह वो निर्दोष भारतीय नागरिक था जो नशे की हालत में धोखे से पाकिस्तान की सीमा में चला गया। जेल में कठोर यातनायें देकर कैदियों ने हत्या कर दी। और शव भारत आया तो उसके शरीर के सभी आंतरिक अंग गायब थे। भारत का ही दूसरा उदाहरण विंग कमांडर अभिनंदन का है जो एयर स्ट्राइक के लिये विमान लेकर पाकिस्तान सीमा में गये थे, बंदी बनाये गये लेकिन यह भारतीय नेतृत्व का दबाव था कि केवल 60 घंटों में ही पाकिस्तान ने अभिनंदन को सम्मान भारत वापस भेज दिया। जिन दिनों सरबजीत पाकिस्तान की जेल में था तब भारत में हर दल की सरकार रही। सबसे लंबी दो सरकारें काँग्रेस की रहीं। पहले प्रधानमंत्री नरसिंहराव की और फिर दस वर्ष मनमोहन सिंह की सरकार रही। पर सरबजीत की भाग्य न बदला। पाकिस्तानी जेल में उसे सतत यातनायें मिलीं। सरबजीत सिंह का जन्म पंजाब के तरनतारन जिला अंतर्गत गांव भीखीविंद में हुआ था। यह एक किसान परिवार था लेकिन पिता सुलक्षण सिंह ढिल्लो अपने गाँव से दूर उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग में नौकरी करने लगे। मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण कर सरबजीत गांव लौट आये और खेती करने लगे। अपनी आय बढ़ाने केलिये एक ट्रेक्टर खरीदकर भाड़े पर दूसरे गांवों में भी खेती करने लगे। 1984 में विवाह हुआ और दो बेटियों के पिता बने। जीवन खुशी से बीतने लगा। समय के साथ उन्हें शराब पीने की आदत लग गई और यही आदत पूरे घर का सुख चैन और उनकी जान ले बैठी। वह 28 अगस्त 1990 का दिन था। वे पाकिस्तान सीमा से लगे गांव में भाड़े पर ट्रैक्टर चला रहे थे। शाम को काम समाप्त कर शराब पी, भोजन किया शाम को लौटने लगे। तब सीमा पर तार की बागड़ नहीं लगी थी। सरबजीत नशे में रास्ता भटक गये और पाकिस्तान सीमा में घुस गये। पाकिस्तानी सेना पकड़ लिया। उनपर जासूसी का आरोप लगाकर सात दिन प्रताड़नाएँ दी गईं। उनपर आरोप लगाया गया कि वे सरबजीत सिंह नहीं मंजीत सिंह हैं। पाकिस्तान में इस नाम से एक एफआईआर थी। सेना ने इसी नाम से अदालत में पेश किया और आरोप लगाया कि आरोपी सही नाम न बता रहा। सेना ने सरबजीत सिंह को अदालत में मंजीत सिंह के नाम से पेश किया। अदालत में उन्हें भारतीय गुप्तचर संस्था रॉ का एजेंट बताकर लाहौर, मुल्तान और फैसलाबाद बम धमाकों का आरोपी भी बनाया गया। इन आरोपों पर अदालत ने अक्टूबर 1991 में उन्हें फांसी की सजा सुना दी।

2 मई 2013: पाकिस्तान की जेल में निर्दोष सरबजीत की हत्या

सरबजीत सिंह के परिवार ने भारत सरकार से भी संपर्क किया और मानवाधिकार संगठनों से भी। प्रमाण के बताया गया कि वे मंजीत सिंह नहीं सरबजीत सिंह हैं। लिखापढ़ी आरंभ हुई। भारत सरकार और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने पत्र भी लिखे। इससे फांसी की सजा टलती रही पर सरबजीत रिहा न हो सके। 1990 से 2013 तक यद्यपि भारत में विभिन्न राजनैतिक दलों की सरकारें रहीं। काँग्रेस के नेतृत्व में नरसिंहराव सरकार, मनमोहन सिंह सरकार और भाजपा नेतृत्व में अटलजी की सरकार। लेकिन ये सभी सरकारें राजनैतिक अस्थिरता के दौर में रहीं और पाकिस्तान सरकार पर कोई दबाव नहीं बना सकीं। इसका पूरा लाभ पाकिस्तान ने उठाया। 1990 से लेकर 2013 तक भारत में न केवल निर्दोष सरबजीत सिंह पर क्रूरता हुई अपितु पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी घटनाएँ भी बढ़ी। पाकिस्तान ने अनेक झूठ रचे। फर्जी दस्तावेज तैयार किये ऐसे गवाह भी खड़े किये कि सरबजीत सिंह ही असली मंजीत सिंह है। और वह खुशी मोहम्मद के नाम से पाकिस्तान में आया था। 2005 में एक दावा तो यह भी किया कि सरबजीत सिंह उर्फ मंजीत सिंह ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। इस खींचतान और लिखापढ़ी के बीच फांसी की सजा तो टली पर सरबजीत सिंह को रिहाई न मिली। रिहाई की उम्मीद और फांसी की आशंका के बीच सरबजीत सिंह लाहौर सेन्ट्रल जेल में यातनाएँ सहते रहे। लेकिन रिहाई उम्मीद कमजोर हो गई। 26 अप्रैल 2013 को लाहौर जेल के कुछ कैदियों ने सरबजीत सिंह पर हमला बोल दिया था। रीढ़ की हड्डी सहित उनके शरीर की कई हड्डियाँ टूट गईं थीं। बहुत गंभीर स्थिति में अस्पताल लाया गया। वे कोमा में थे और उनकी रीड की हड्डी भी टूट चुकी थी। फिर भी हॉस्पिटल में उन्हें वेंटीलेटर पर रखा। 29 अप्रैल 2013 को भारत सरकार ने एक बार फिर पकिस्तान से रिहा करने की अपील की। जिसे पकिस्तान सरकार ने खारिज कर दिया। 1 मई 2013 को जिन्ना अस्पताल के डॉक्टरो ने सरबजीत सिंह को ब्रेनडेड और 2 मई 2013 को मृत घोषित कर दिया। उनका शव भारत आया। भारत में शव का पोस्टमार्टम हुआ। भारतीय डॉक्टर यह देखकर आश्चर्य चकित रह गये कि उनके शरीर के अधिकांश मुख्य अंग निकाल लिये गये थे। क्यों निकाले इसका उत्तर कभी न मिला और न पाकिस्तान ने स्वीकार किया। सरबजीत सिंह के परिवार को पंजाब और केंद्र सरकार ने आर्थिक सहायता दी और पंजाब में तीन दिन का शोक भी घोषित हुआ पर सरबजीत सिंह के प्राण के साथ भारत की प्रतिष्ठा भी न बच सकी।

इस संदर्भ वर्ष 2019 की उस घटना उल्लेख संभवतः उचित होगा जब एयर स्ट्राइक के दौरान विंग कमांडर अभिनंदन पाकिस्तान में गिरफ्तार हो गये तब भारत सरकार का यह दबाव था पाकिस्तान ने केवल साठ घंटे के भीतर सम्मान वापस किया। बाद में अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट में कहा गया कि यदि पाकिस्तान विंग कमांडर अभिनंदन को रिहा न करता तो भारत ने पाकिस्तान पर आक्रमण की तैयारी कर ली थी। पाकिस्तान की जेल में जब सरबजीत सिंह की क्रूरता पूर्वक हत्या हुआ तब भारत में मनमोहन सिंह की सरकार थी और जब विंग कमांडर अभिनंदन भारत लौटे तब प्रधानमंत्री श्रीनरेंद्र मोदी की सरकार थी।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती उत्पादों की मांग

प्रह्लाद सबनानी

ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग सामान्यतः अच्छे मानसून के पश्चात अच्छी फसल एवं विभिन्न सरकारों, केंद्र एवं राज्य सरकारों, द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों पर किए जा रहे खर्चों में बढ़ौतरी के चलते ही सम्भव होती है। भारत में आज भी लगभग 60 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है एवं अपने जीवन यापन के लिए मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर ही आश्रित रहती है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार किये जा रहे विकास कार्यों के चलते इन क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत व्यय की जाने वाली राशि में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है। इससे, ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के नए अवसर निर्मित होने लगे हैं एवं ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन कुछ कम हुआ है। विशेष रूप से कोरोना महामारी के खंडकाल में शहरों से ग्रामीण इलाकों की ओर शिफ्ट हुए नागरिकों में से अधिकतर नागरिक अब ग्रामीण क्षेत्रों में ही बस गए हैं एवं अपने विशेष कौशल का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को प्रदान कर रहे हैं। हाल ही में जारी किए गए कुछ सर्वे प्रतिवेदनों के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग की एक नई कहानी लिखी जा रही है क्योंकि अब विभिन्न उत्पादों की मांग ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है। उपभोक्ता वस्तुओं एवं ऑटो निर्माता कम्पनियों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में हाल ही के समय में उपभोग की जाने वाली विभिन्न वस्तुओं एवं दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों (ट्रैक्टर सहित) की मांग में तेजी दिखाई दे रही है, जो कि वर्ष 2023 में लगातार कम बनी रही थी। यह संभवतः रबी फसल के सफल होने के चलते भी सम्भव हो रहा है। उक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने भी हाल ही में सम्पन्न अपनी द्विमासिक मोनेटरी पॉलिसी की बैठक में रेपो दर में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की है, ताकि बाजार, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के बाजार में, उत्पादों की मांग विपरीत रूप से प्रभावित नहीं हो, ताकि इससे अंततः वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश के आर्थिक विकास की दर भी अच्छी बनी रहे। भारत में पिछले कुछ समय से ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न उत्पादों की मांग, शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध मांग की तुलना में कम ही बनी रही है। परंतु, वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के बाद से इसमें कुछ परिवर्तन दिखाई दिया है एवं अब ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग में तेजी दिखाई देने लगी है। यह तथ्य विकास के कुछ अन्य सूचकांकों से भी उभरकर सामने आ रहा है। जनवरी-फरवरी 2024 माह में दोपहिया वाहनों की बिक्री में, पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान की बिक्री की तुलना में, 30.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर रही है, जो हाल ही के कुछ वर्षों में अधिकतम वृद्धि दर मानी जा रही है। दोपहिया वाहनों की बिक्री ग्रामीण इलाकों (लगभग 10 प्रतिशत) में शहरी इलाकों (लगभग 7 प्रतिशत) की तुलना में अधिक रही है। महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत प्रदान किए जाने वाले रोजगार के अवसरों की मांग में भी फरवरी-मार्च 2024 माह के दौरान 9.8 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है क्योंकि ग्रामीण इलाकों में निवासरत नागरिकों को रोजगार के अवसर अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध हो रहे हैं। इसी प्रकार, ट्रैक्टर की बिक्री में भी जनवरी-फरवरी 2024 माह के दौरान 16.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत में कुल 892,313 ट्रैक्टर की बिक्री हुई है जो पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में 7.5 प्रतिशत अधिक है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

तर्कहीन बयानों से जूझती चुनावी राजनीति

सुरेश हिंदुस्तानी

भारत में एक समय ऐसा भी था ज़ब राजनीति से आम जनमानस का विश्वास समाप्त होता जा रहा था। राजनीतिक दलों से जो अपेक्षा थी, सब जनता की इन अपेक्षाओं पर पानी फेरते दिखाई दे रहे थे। उस समय देश की यह अवधारणा बन गई थी कि अब भारत की राजनीति ऐसे ही चलती रहेगी। लेकिन 2014 के बाद देश ने एक नई राजनीति का साक्षात्कार किया। एक ऐसी राजनीति जिसमें सपने भी थे और एक उम्मीद भी थी। आज इस समय को दस वर्ष का समय व्यतीत हो गया है। सपने पूरे हुए या नहीं, यह तो परीक्षण का विषय है, लेकिन आज की राजनीति बदली हुई दिखाई देती है, यह अवश्य ही कहा जा सकता है। लेकिन आज भी जिस प्रकार से सत्ता प्राप्त करने की लालसा लेकर राजनीतिक दल राजनीति कर रहे हैं, वह प्रथम दृष्टया यही परिलक्षित कर रहे हैं कि राजनीतिक दलों के पास अपने कोई स्थायी सिद्धांत नहीं हैं। विपक्ष के दल वर्तमान केंद्र सरकार को घेरने के लिए कई प्रकार के राजनीतिक दांव पेच खेल रहे हैं, वहीं सत्ता धारी दल भाजपा भी किसी भी तरीके से पीछे नहीं कही जा सकती।

इस प्रकार की राजनीति के चलते देश का आम जनमानस निश्चित रूप से भ्रम की अवस्था में है। सारे दल अन्य दलों से अपने आपको बेहतर बताने की राजनीति कर रहा है। इसके लिए कुछ राजनीतिक दल अपने हिसाब से तर्क भी दे रहे हैं। लेकिन एक बात स्पष्ट है कि इस बार विपक्षी दलों के राजनेता सधे हुए क़दमों से अपनी पारी को अंजाम दे रहे हैं। क्योंकि पिछले लोकसभा चुनावों के दौरान जिस प्रकार से कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सार्वजनिक रूप से चोर कहने का दुस्साहस किया गया, उससे कांग्रेस की फ़जीहत हो गई थी, इतना ही नहीं राहुल गाँधी को माफ़ी भी मांगनी पड़ी। इस बार परिदृश्य बदला हुआ है। विपक्ष के नेता सरकार को लक्ष्य करके आलोचना कर रहे हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि इन आलोचनाओं में भी वह धार नहीं है कि वह अकेले दम पर सरकार बनाने का सामर्थ्य पैदा कर सकें।

वर्तमान लोकसभा के प्रचार में विपक्षी दलों की ओर से जिस प्रकार की सक्रियता दिखाई जा रही है, उससे कमोवेश ऐसा ही लगता है कि विपक्ष ने इस चुनाव को आरपार की लड़ाई बना दिया है। यह सभी जानते हैं कि मुख्य विपक्ष की भूमिका निभाने वाली कांग्रेस पार्टी लम्बे समय तक सत्ता का सुख भोगा है, इसलिए यह कहा जाना कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि कांग्रेस के नेताओं को सत्ता में बने रहने की आदत सी हो गई है। उनके बयानों में भी सत्ता प्राप्त करने की तड़प दिखाई देती है। यही तड़प चुनावी बयानों में पैनापन ला रही है।

देश में अब दो चरणों के मतदान संपन्न हो चुके हैं, बचे हुए पांच चरणों के मतदान के लिए जोर आजमाईश की जा रही है। चुनावी रैलियों में राजनेताओं के बयानों की व्याख्या निकालने का क्रम भी चल रहा है। किसी बड़े मुद्दे पर समाचार चैनलों पर बहस भी होती है। इन बहस में सभी नेता अपने हिसाब से अर्थ निकाल कर बहस करते हैं। कोई किसी के कम नहीं दिखता, लेकिन इन बहस में लगभग विवाद जैसी स्थिति बनती दिखाई देती है। एक दूसरे से लड़ने की मुद्रा में आने वाले यह राजनेता शायद इस बात को भूल जाते हैं कि इसे जनता भी देख रही है और आज की जनता यह भी जानती है कि क्या अच्छा है और क्या बुरा। इसके बाद भी आम समाज का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो इन चर्चाओं को सुनकर भ्रमित भी होते होंगे। राजनेताओं द्वारा दावे के साथ कही जाने वाली किस बात को जनता सही माने, आज यह सबसे बड़ी चिंता है। चैनलों पर जो बहस होती है, उसमें अपनी पार्टी के विचार को कम रखा जाता है, सामने वाले की बात को जोरदार तरीके से नकारने की ही राजनीति की जाती है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

दैनिक पंचांग

02 मई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मेष में	वृष	06.12 बजे से
चंद्र	मकर में	मिथुन	08.10 बजे से
मंगल	मीन में	कर्क	10.24 बजे से
बुध	मीन में	सिंह	12.40 बजे से
गुरु	वृष में	कन्या	14.52 बजे से
शुक्र	मेष में	तुला	17.02 बजे से
शनि	कुंभ में	वृश्चिक	19.17 ब.से
राहु	मीन में	धनु	21.33 बजे से
केतु	कन्या में	मकर	23.38 बजे से
राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक		कुंभ	01.25 बजे से
		मीन	02.58 बजे से
		मेष	04.28 बजे से

गुरुवार 2024 वर्ष का 123 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** नवमी 01.54 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** धनिष्ठा 01.49 बजे रात्र को समाप्त। **योग** शुक्ल(शुक्र) 17.19 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 15.00 बजे तदनन्तर गर 01.54 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 23.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 15° 28' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871967 **जूलियन दिन** 2460432.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सव्वाल **तारीख** 22

दिन का चौघड़िया				रात का चौघड़िया			
शुभ	05.54 से	07.22 बजे तक		अमृत	05.40 से	07.11 बजे तक	
रोग	07.22 से	08.51 बजे तक		चर	07.11 से	08.43 बजे तक	
उद्वेग	08.51 से	10.19 बजे तक		रोग	08.43 से	10.15 बजे तक	
चर	10.19 से	11.47 बजे तक		काल	10.15 से	11.47 बजे तक	
लाभ	11.47 से	01.15 बजे तक		लाभ	11.47 से	01.19 बजे तक	
अमृत	01.15 से	02.43 बजे तक		उद्वेग	01.19 से	02.51 बजे तक	
काल	02.43 से	04.11 बजे तक		शुभ	02.51 से	04.23 बजे तक	
शुभ	04.11 से	05.40 बजे तक		अमृत	04.23 से	05.55 बजे तक	

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

आत्मबल के लिए

एक गरीब बुढ़िया थी। अपनी झोपड़ी में अकेली रहती थी। उसके पास एक गाय थी। बस उसी के सहारे वह अपना जीवन निर्वाह करती थी। पर्युषण पर्व चल रहा था। वह अपनी झोपड़ी में बैठी-बैठी रोज देखती थी कि गांव के लोग बहुत ठाट-बाट से पूजा की थाल और प्रसाद आदि लेकर लिए मंदिर जा रहे हैं। उन्हें देख कर बुढ़िया सोचती थी, मैं इतनी ठाट से पूजा नहीं कर सकती, मेरे पास पर्याप्त साधन नहीं है। पूजा की इच्छा दब जाती। एक दिन उसने सोचा, यदि पूजा नहीं कर सकती तो आरती तो कर सकती हूं। बस, यह सोच कर वह उठी, अपनी गाय के दूध से निकाला हुआ घी लिया। पड़ोसी के एक कपास के खेत में से थोड़ी-सी रूई ले आई। एक मिट्टी के दीपक में आरती संजोकर चल दी मंदिर की ओर। अत्यंत श्रद्धा भक्ति से उसने आरती की, जिसके परिणाम स्वरूप आगामी भव में उसे अत्यंत ज्ञानी मुनिराज की पर्याय प्राप्त हुई। न कोई उपवास, न कोई व्रत, केवल पवित्र भावना, श्रद्धा और भक्ति से उसे यह प्राप्त हुआ। किसी शक्तिहीन व्रती प्राणी का उपहास मत कीजिए। संभव है, उसमें शक्ति की अल्पता हो पर भक्ति की प्रबलता हो। कोई छोटा बच्चा पवित्र भावना लेकर व्रत करना चाहता है, तो उसे रोकिए मत, करने दीजिए। उसकी भावनाओं को खंडित मत कीजिए, ठेस मत पहुंचाइए। बल्कि उसे व्रत के वास्तविक उद्देश्य को समझा कर उसके इरादे को और दृढ़ बनाइए। तप के मार्ग को सामान्य मत समझिए। कुछ लोग कहते हैं, तप में क्या रखा है? बेकार है? व्यर्थ है। ऐसा वे लोग कहते हैं जिनमें पुरुषार्थ का अभाव है। जो स्वयं पालन नहीं कर सके, उन्हें कहना चाहिए हम तो नहीं कर पाते, पर आप कर रहे हैं, यह अच्छी बात है। आपका कल्याण हो।

शब्द पहेली - 7994



बाएँ से दाएँ

1. अपनत्व, अपनाव-5
4. खाने लायक तैयार होना-3
6. गोंद, लाख-2
7. पति, शौहर-3
8. जंगल, अरण्य-3
10. उत्साह, ललक-2
11. प्रलय, आफत-3
12. ईश्वर, रब-4
15. वट वृक्ष-4
16. निर्माण(उर्दू-3)
17. धोखा, कपट-2
18. दृष्टि, निगाह-3
20. स्वदेश, मातृभूमि-3
22. एक पैसा-2
23. विजय, जीत-3
24. आत्मबलिदानी, साहसी-5

ऊपर से नीचे

1. उपद्रव की स्थिति, अशांति-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. गिरावट, अवनति-3
4. मवाद-2
5. मरियल, दुर्बल-4
8. असरदार, प्रभावी-4
9. नाक छेदना-2,3
13. विदिर्ण, छिन्न भिन्न होना-4
14. मांग, अनुरोध-5
15. बलवा, गदर-4
19. विष, गरल-3
21. अस्तर, स्तर-2
22. देवदास की प्रेमिका-2

शब्द पहेली -7993 का हल

ती	रं	दा	ज		को	म	लां	गी
व्र		म	न	भ	र	ना		ज
ता	र			र			स	र
	म		क	म	र		मा	
प्र	ता	ड़	ना		स	र	ज	मीं
	जो		त	र	ना		वा	
बा	गी			सी			दी	न
य		ल	ची	ला	प	न		य
स	ना	त	न		र	स	खा	न

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल- 6779

★★★★☆ मध्यम

		9		5		2		4
4	5				9	7	1	8
				7			5	3
	8	2	7		5			6
1	3			4			7	2
5			1		2	8	3	
8	4			9				
3	6	1	2				9	5
2		5		1		6		

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6778 का हल

7	8	6	4	1	3	5	9	2
5	9	4	7	8	2	1	6	3
1	2	3	6	9	5	7	4	8
9	3	8	2	6	1	4	7	5
2	7	5	8	4	9	6	3	1
6	4	1	5	3	7	2	8	9
3	5	9	1	7	4	8	2	6
8	1	7	9	2	6	3	5	4
4	6	2	3	5	8	9	1	7

न्यूज इन शॉर्ट

अनूपपुर रजहा तालाब स्थित माध्यमिक शाला परिसर से हटाया गया अतिक्रमण

अनूपपुर। जिला मुख्यालय के रजहा तालाब स्थित माध्यमिक शाला प्रांगण में 10 . 20 वर्गफिट की शासकीय जमीन में किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही मंगलवार को की गई। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान तहसीलदार जी.एस. शर्मा, थाना कोतवाली अनूपपुर के नगर निरीक्षक अरविन्द जैन, नगरपालिका के स्वच्छता निरीक्षक डी.एन. मिश्रा, बृजेश मिश्रा तथा पटवारी आदि मौजूद रहे।

डॉ बी बी कुमार राजेश मेडिकल स्टोर कोतमा मे देंगे परामर्श

अनूपपुर । अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के मशहूर डॉ बी बी कुमार 06 मई कों कोतमा के राजेश मेडिकल स्टोर मे परामर्श देंगे और मनेंन्द्रगढ़ के शिव मेडिकोज परामर्श देंगे समस्त गठिया रोग एवं वातरोग विशेषज्ञ डॉ बी बी कुमार कोतमा और मनेंन्द्रगढ़ के मेडिकल में परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। जिन मरीजों को गठियावात की शिकायत, आस्टियो आर्थराईटिस, सोरियाटिक गठिया,रीढ़ की हड्डी का दर्द, पीठ दर्द, अस्थिसमेकन, जोड़ों का दर्द, बार- बार मुंह में छाले होना, हाथ एवं पैर की उंगलियां तिरछी हो जाना, चेहरे पर लाल चट्टे आना, आंखों एवं त्वचा का बार-बार सूखना एवं हाथ एवं पैर की उंगलियां नीली सफेद व काली पड़ जाने जैसी समस्याएं हैं, ऐसे मरीज 06 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिव मेडिकोज सेंट्रल हॉस्पिटल आमाखेरवा रोड मनेंन्द्रगढ़ में डाक्टर से परामर्श के लिए मिल सकते हैं एवं दोपहर 4 बजे से 6 बजे तक राजेश मेडिकल स्टोर हॉस्पिटल रोड कोतमा में डाक्टर से परामर्श के लिए मिल सकते हैं।

एनसीएल एनटीपीसी तथा समस्त औद्योगिक कम्पनियां प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित गाईड लाईन का करे पालन-कलेक्टर

विजय मत सिंगरौली। जिलें में संचालित समस्त ताप विद्युत गृह एवं एनसीएल स्टोन क्रेसर सहित जिले में स्थापित औद्योगिक कम्पनियो को केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित की गई गाईड लाईन का शत प्रतिशत पालन करना अनिवार्य है। गाईड लाईन का उल्लघन करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा क्षेत्रिय प्रदूषण अधिकारी को निर्देश दिये गये है। विदित हो कि विगत दिवस प्रमुख सचिव प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड के द्वारा व्हीसी के माध्यम से कलेक्टर सिंगरौली को इस आषय के निर्देश दिये गये है कि सिंगरौली जिले में संचालित समस्त ताप विद्युत गृह एवं एनसीएल की कोल खधाने तथा प्राईवेट सेक्टर के थर्मल पावरए कोल परिवहन,स्टोन क्रेसरो,रेलवे साईडिंग बने कोयलार्ड भण्डारण एवं परिवहन आदि के द्वारा केन्द्रीय प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित की गई गाईड लाईन का पालन संबंधित ईकइयो के प्रबंधको के द्वारा शत प्रतिषत पालन कराया जाना अनिवार्य होगा। व्हीसी के माध्यम से प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रमुखता के साथ इस आषय के निर्देश दिये गये कि एनटीपीसी के द्वारा फ्लाईएस का निस्तारण वर्तमान में 52 प्रतिशत किया जा रहा है शेष फ्लाईएस डम्प करी जाती है जो खेदजनक है शत प्रतिशत निस्तारण किया जाना अनिवार्य होगा। एनटीपीसी को यह भी निर्देश दिये गये है कि फ्लाईएस की डम्पिंग में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित की गई गाईड लाईन का पालन करना होगा। वही व्हीसी के दौरान सिंगरौली क्षेत्र में संचालित स्टोन क्रेसर में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा बनाई गई गाईड लाईन के अनुसार बैग हाउस एवं साईक्लोन लगाया जाना भी आवश्यक होगा। इसके साथ ही स्कीनिंग सेक्सन को कव्हर किया जाना पर्याप्त उचाई बिड ब्रेकिंग बैरियर बाल बनाया जाना तथा सघन वृक्षा रोपण किया जाना भी आवष्यक होगा। प्रमुख सचिव के दिये गये निर्देश के परिपालन में कलेक्टर सिंगरौली के द्वारा जिले में संचालित सभी परियोजनाओ से इस आषय की आपेक्षा की गई है कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित की गई गाईड लाईन का पालन करेगे।

तापमान 44 डिग्री पार गर्मी से मरीज हो रहे परेशान

विजय मत, सिंगरौली।

ऊर्जाधानी में तापमान 44 डिग्री पार हो गया है। आसमान से आग बरस रही है। वार्डों में लगाए गए पंखा गर्म हवा दे रहे हैं। जिससे मरीजों की सेहत में सुधार नहीं हो रहा है। हम बात कर रहे हैं जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर के तीसरी मंजिल पर स्थित मेडिकल महिला व पुरुष वार्ड की। जहां वार्डों में भर्ती मरीजों को भीषण गर्मी में भी कूलर नसीब नहीं हो रहा है। जबकि आर्थोपेडिक व सर्जिकल वार्ड में एसी लगा हुआ है। पिछले कई बार मरीजों ने मेडिकल वार्ड में एसी लगाए जाने की मांग की है लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अब स्थिति यह है कि वार्ड में लगाए गए पंखे गर्म हवा दे रहे हैं। जिससे भर्ती मरीज परेशान हो रहे हैं। वार्ड में राउंड पर पहुंच रहे चिकित्सकों से मरीजों के परिजन गर्मी से हो रही समस्या को अवगत कराया है। बताया है कि वार्ड में दिन गुजारना मुश्किल हो रहा है। रात तो वार्ड के गलियारे में घूमकर कट रही है। भीषण गर्मी से मरीजों की सेहत और बिगड़ रही है। जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर के तीसरी मंजिल पर स्थित मेडिकल महिला वार्ड क्रमांक एक, दो, तीन व चार सहित पुरुष मेडिकल वार्ड में भर्ती मरीज गर्मी से परेशान हो रहे हैं। तापमान 44 डिग्री पार रहा। पहले से बीमार मरीजों को गर्मी बेचैन कर रही है। एसी में बैठे अफसरों की उन मरीजों के सेहत की चिंता नहीं हो रही है। जो पहले से बीमार होकर वार्ड में गर्मी की मार झेल रहे हैं। सर्जिकल और आर्थोपेडिक वार्ड में स्थिति ठीक है। मेडिकल वार्ड में भर्ती मरीजों को गर्मी से हो रही समस्या का समाधान करने स्वास्थ्य अधिकारी आगे नहीं आ रहे हैं। यही वजह है कि मरीजों की सेहत में समय पर सुधार नहीं हो रहा है।

एक तो बीमार, दूसरे गर्मी की मार –वार्ड में भर्ती बच्चों को भी गर्मी से समस्या हो रही है। स्थिति यह है कि परिजन वार्ड से बाहर टहलते रहते हैं। एक तो बीमार, दूसरे गर्मी की मार से छोटे बच्चों की सेहत और बिगड़ रही है। वार्ड में कूलर तो लगे हैं लेकिन उसमें कभी पानी नहीं भरा जा रहा है। जिससे पंखा व कूलर गर्म हवा उगल रहे हैं। मेडिकल वार्ड की तरह बच्चा वार्ड में भी समस्या बनी है।

स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति और खराब –जिले के ग्रामीण अंचलों में सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी यह समस्या बनी हुई है। यहां प्रसव कराए जा रहे हैं। गर्मी से वार्ड धधक रहे हैं। एसी केवल चिकित्सकों के चेंबर में लगा हुआ है। स्वास्थ्य केंद्रों में वार्ड में भर्ती मरीजों को पंखा तक नसीब नहीं हो रहा है। इधर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनके जैन स्वास्थ्य केंद्रों के वार्डों में भी एसी लगाए जाने की बात कह रहे हैं।

वार्डों में सौ से अधिक मरीज भर्ती –बता दें कि मेडिकल महिला वार्ड क्रमांक एक, दो, तीन व चार सहित मेडिकल पुरुष वार्ड में मंगलवार को सौ से अधिक मरीज भर्ती हैं। वार्डों में भर्ती मरीजों के परिजनों में रमेश कुमार प्रजापति ने बताया कि तीसरा मंजिल होने के कारण तपीश का असर मरीजों की सेहत प्रभावित कर रही है। भर्ती मरीजों को स्वस्थ होने में काफी वक्त लग रहा है क्योंकि मर्ज से ज्यादा तो गर्मी परेशान कर रही है।

बोले मरीज:–– वार्ड में गर्मी से परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस संबंध में कई बार स्वास्थ्य अधिकारियों को अवगत कराया गया है लेकिन समाधान नहीं हो रहा है। दूसरी मंजिल पर कुछ हद तक गर्मी से राहत है। मगर तीसरी मंजिल के मेडिकल वार्ड में गर्मी सहन करना मुश्किल हो रहा है। रामरती सिंह,मरीज - गर्मी से आफत हो रही है।

मरीजों को मिले बेहतर चिकित्सकीय सुविधा का लाभ : कलेक्टर

सिकल सेल स्क्रीनिंग कार्य में और अधिक प्रगति लाएं :कलेक्टर, जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का हुआ आयोजन

विजय मत, अनूपपुर।

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में मरीज को बेहतर चिकित्सा की सुविधा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का अमला चिकित्सकीय सेवा में और अधिक ध्यान दें। चिकित्सा विभाग में चल रहे सभी योजनाओं एवं कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि चिकित्सकीय अमला अपने-अपने क्षेत्र में सिकल सेल एनीमिया अभियान के अंतर्गत सिकल सेल से प्रभावित लोगों के स्क्रीनिंग कार्य में तेजी लाते हुए और अधिक प्रगति लाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में मंगलवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

कलेक्टर ने वीएचएसएनडी के दौरान सिकल सेल जांच करने को भी कहा। उन्होंने सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत सिकल सेल स्क्रीनिंग कार्य दिए गए लक्ष्य अनुसार पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं एवं हाई रिस्क डिलीवरी जैसे प्रकरणों, डिलीवरी डेट के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं नियमित मॉनिटरिंग करते हुए बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, आमजनों तक सेवाओं की पहुंच, स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति, चिकित्सकों की उपलब्धता, चिकित्सकीय उपकरणों, दवाइयों की उपलब्धता सहित अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली।

बैठक में कलेक्टर ने निःशुल्क दवा योजना तथा निःशुल्क जांच योजना तथा चिरंजीवी स्वास्थ्य, आयुष्मान भारत अंतर्गत बनाए गए कार्ड, बीमा योजना सहित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम एएनसी रजिस्ट्रेशन, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, परिवार कल्याण सहित टीबी रोकथाम कार्यक्रम की बिंदुवार समीक्षा कर आवंटित लक्ष्य के विरुद्ध कम प्रगति वाले ब्लॉकों को स्वास्थ्य सेवाओं में दिये गये लक्ष्?य में शत-प्रतिशत सुधार करने के निर्देश चिकित्सकों को दिए। उन्होंने मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, रूटीन टीकाकरण के अलावा सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों, स्वास्थ्य केंद्रों के भवनों, निमार्णाधीन भवनों आदि की विस्तृत जानकारी ली।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में कोई भी एनआरसी खाली नहीं होना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग का मैदानी अमला अपने क्षेत्र में भ्रमण कर कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर एनआरसी में भर्ती कराएं। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य एवं बच्चों के ग्रोथ पर संबंधित अधिकारी विशेष ध्यान देना सुनिश्चित करें ।

कलेक्टर ने गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा बच्चों के टीकाकरण एवं अन्य महत्वपूर्ण जांच की सुविधा की उपलब्धता के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिए कि एचएमटीएस पोर्टल पर बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाएं पोर्टल पर अपडेट न होने पर सम्बन्धित को पोर्टल अपडेट करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने बैठक में स्वास्थ्य संबंधी अन्?य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की।

कोयला आपूर्ति हेतु प्रतिबद्ध एनसीएल - सीएमडी एनसीएल

सिंगरौली। बुधवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में खनिक अभिनंदन दिवस-2024 के अवसर पर सुबह में मुख्यालय स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीएमडी एनसीएल बी साईराम निदेशक कार्मिक मनीष कुमार निदेशक वित्त रजनीश नारायण निदेशक तकनीकी/संचालन जितेंद्र मलिक,निदेशक तकनीकी/परियोजना एवं योजना सुनील प्रसाद सिंह,श्रमिक संघों के जेसीसी सदस्य अजय कुमार,श्याम धर दूबे,अशोक पाण्डेय,एवं अन्य कर्मियों ने शहीद स्मारक एवं खनिक प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश की ऊर्जा आपूर्ति हेतु सर्वोच्च बलिदान देने वाले खनिकों को नमन किया। इस दौरान सीएमडी एनसीएल बी साईराम ने अपने उद्बोधन की शुरुआत में वृहद एनसीएल परिवार को श्रमिक अभिनंदन दिवस की बधाई दी। उन्होंने श्रम को मानव सभ्यता एवं विकास की कुंजी के रूप में परिभाषित किया। औद्योगिक क्रांतियों के उपरांत उद्योगों में सृजित हुए नए अवसरों एवं चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने विगत चार दशकों के कालखंड को आविष्कार का कालखंड बताया। विगत वर्ष में देश की ओर से कोयला उत्पादनए प्रेषण व ओवरबर्डेन में मिले लक्ष्यों को हासिल करने पर उन्होंने टीम एनसीएल को बधाई दी।

वार्षिक कार्ययोजना का निर्धारण कृषकों को स्वावलम्बी बनाने वाला हो-कलेक्टर

विजय मत, अनूपपुर।

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारिता विभाग के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कृषकों को स्वावलम्बी बनाने के लिए वार्षिक कार्ययोजना का निर्धारण कृषकों के अनुरूप करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में कृषकों के लिए संचालित सम्बद्ध विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर सहित कृषि, उद्यान, मत्स्य, पशुपालन, सहकारिता के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने कृषि विभाग के रबी एवं खरीफ फसलों की उत्पादकता तथा फसल विविधीकरण, एफपीओ के गठन व गतिविधियों को बढ़ावा देने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, स्थानीय जैविक खाद को प्रोत्साहन आदि के भौतिक प्रगति की समीक्षा करते हुए शासकीय योजनाओं के आवंटन का सदुपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उप संचालक कृषि को निर्देशित किया कि जिला कृषि विकास प्लान में सिंचाई संसाधनों के वृद्धि को दृष्टिगत रख कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि के पैटर्न को चेंज करने के लिए कृषि विभाग का अमला निष्ठा से जुटे, जिससे कृषक उत्पाद का लाभ प्राप्त कर आत्मनिर्भर व स्वावलम्बी बन सके। उन्होंने कहा कि जिले का सिंचित क्षेत्र वर्तमान में 17 प्रतिशत है, जो इस वर्ष 25 प्रतिशत हो जाएगा। उन्होंने रबी सीजन के कृषि क्षेत्रफल की वृद्धि के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र विस्तार, फलोद्यान के विकास के साथ ही फल, सब्जी और मसाला के विविध क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बदरा में खाली पड़े शासकीय जमीन पर पौधरोपण की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में पशुपालन, मत्स्य तथा सहकारिता विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कृषकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों की सतत् मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाए।

नल जल योजना के ठेकेदार की दबंगई से ग्रामीणों में आक्रोश

विजय मत, अनूपपुर।

प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी योजना नल जल योजना के तहत हर घर मे पानी पहुंचाने का लक्ष्य है गांव गांव में इसका काम भी चालू हो गया है लेकिन प्रशासन ने कुछ ऐसे ठेकेदारों को ठेका दे दिया गया है जो भ्रष्टाचार की नई इमारत पर इमारत खड़ा करते जा रहे हैं मामला है मध्यप्रदेश के अंतिम छोर पर बसे जनपद पंचायत अनूपपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत खोडरी न 01 मे जहां कार्य के प्रारंभ में ही ठेकेदार की लापरवाही एवं भ्रष्टाचारियों का विरोध ग्रामीणों ने किया था प्रारंभ से ही ठेकेदार की लापरवाही बिना बेस डालें पानी टंकी का कालम खड़ा करना. 2 इंची का पाइप बस्ती में डालना. पानी टंकी में पानी तराई ना करना एवं कम मात्रा में सीमेंट का उपयोग करना. आदि अनेक प्रकार की भ्रष्टाचारी ठेकेदार के द्वारा किया जा चुका है लेकिन अभी हाल में ही बस्ती में पाइपलाइन का विस्तार प्रारंभ है जिसमें बड़ी-बड़ी जेसीबी लगवा कर नाली कटिंग करवाई जा रही है जिससे गांव में बनी सीसी रोड पूरी तरह खंडहर होते जा रही है नाली कटिंग करके कई कई दिन तक ठेकेदार पाइप नहीं डालते हैं जिससे ग्रामीण एवं मवेशी आए दिन ही गड्ढे में गिरने से दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं ग्रामीणों का कहना है कि श्रमिकों द्वारा

इलेक्ट्रॉनिक ड्रिल मशीन से नाली कटिंग करें जिससे रोड ना टूटे और पाइपलाइन का कार्य पूरा हो लेकिन ठेकेदारी की लापरवाही बाज नहीं आ रही है अभी हाल में ही कल रात्रि नाली कटिंग कर रहे जेसीबी ऑपरेटर शराब पीकर लंबी चौड़ी नाली कटिंग कर रहा था तो ग्रामीणों ने मना किया तो ऑपरेटर ठेकेदार को फोन करके बताया कि ग्रामीण काम करने से मना कर रहे हैं तो ठेकेदार फोन पर कहता है कि सबको खड़ा करके गोली मार दूंगा आप कम करो ठेकेदार की इस लब्ज को सुनकर ग्रामीण काफी आक्रोश में है साथ ही पानी टंकी निर्माण कार्य बनकर तैयार है जिससे न छपाई हुई है ना फिनिशिंग और पोताई कार्य प्रारम्भ है आखिर ठेकेदार की इस भ्रष्टाचार के ऊपर किसकी छत्रछाया है जो किसी भी प्रकार कार्यवाही नहीं हो रही है ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम मे पाइप लाइन का कार्य विधिवत एवं समुचित तरीके से हो नहीं तो ठेकेदार की लापरवाही अब नहीं चलने वाली है।

सलाह

कमिश्नर ने मेंडियारास में आयोजित कार्यक्रम में मजदूरों को किया सम्मानित

छात्रों को पढ़ाई छुड़वाना नहीं, आगे बढ़ाना है : कमिश्नर

विजय मत, अनूपपुर।

कमिश्नर शहडोल संभाग बी.एस. जामोद ने कहा है कि मजदूर राष्ट्र के निर्माणकर्ता होते हैं। मजदूरों के बिना देश में कोई भी निर्माण कार्य संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज मजदूर दिवस है। यह मेरे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है कि मैं मेंडियारास के पवित्र भूमि में आप सभी मजदूर भाइयों के बीच आया हूं। मुझे बहुत ही अच्छा महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में मजदूरों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। मजदूर कितना भी बड़ा कार्य क्यों ना हो, कार्य करना है, सिर्फ यह जानता है तथा बड़े-बड़े निर्माण कार्य मजदूरों के बिना संभव नहीं है। कमिश्नर शहडोल संभाग बी.एस. जामोद आज अनूपपुर जिले के ग्राम मेंडियारास में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ,अपर कलेक्टर अमन वैष्णव जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, शहडोल संभाग के संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर एसडीएम अनूपपुर दीपशिखा भगत तहसीलदार जीएस शर्मा जनपद पंचायत जैतहरी के सीईओ बीएम मिश्रा सहित अनूपपुर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में मजदूर व ग्रामवासी उपस्थित थे।

कमिश्नर ने सभी मजदूरों को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। हमें बच्चों की पढ़ाई छुड़वाना नहीं, बल्कि उन्हें आगे बढ़ाना है। बच्चों की पढ़ाई के लिए स्कूलों में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। छात्रों के सभी परिजन उन सुविधाओं का लाभ उठाएं तथा अपने बच्चों को अवश्य पढ़ाई कराएं, जिससे बच्चा अपने पैर पर खड़ा होकर अपने मां-बाप का नाम रोशन कर सके तथा राष्ट्र निर्माण में सहभागिता निभा सके। कमिश्नर ने कहा कि हर मां-बाप का सपना होता है कि हमारा बच्चा हमसे भी चार कदम आगे बड़े, वह सपना सिर्फ शिक्षा से ही पूरा हो सकता हैं। अगर कोई छात्र 10वीं या 12वीं कक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाता है, तो उसे रुकने की आवश्यकता नहीं है, निरंतर पढ़ाई जारी रख आगे बढ़ते जाना हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कहा कि मजदूरों के मेहनत का नतीजा है कि जिले में सभी निर्माण कार्य समय पर पूर्ण हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मजदूर देश की संरचना होते हैं उन्ही से ही देश में हो रहे निर्माण एवं विकास कार्य संभव हो पाते हैं। उन्होंने कहा कि हर ग्राम पंचायत में मानव दिवस सृजन के लिए पर्याप्त कार्य खोले गए हैं आदर्श आचरण सहिंता के पूर्व से ही कार्यों का संचालन किया जा रहा है जिससे जिले में पलायन की स्थिति ना रहे

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने कहा है कि मजदूरों का देश में अलग ही महत्व है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को यहां रोजगार एवं बेहतर सुविधाएं मुहैया हो इसके लिए पूरा जिला प्रशासन हमेशा प्रयासरत रहता है। उन्होंने कहा कि जिले में मजदूरों को बेहतर रोजगार मिले इसका पूरा प्रयास किया जा रहा है।

अपर कलेक्टर अमन वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि मजदूर का महत्व कम नहीं है, मजदूर पर पूरे निर्माण कार्य निहित होते हैं। मजदूरों को बेहतर रोजगार मुहैया हो, पलायन न हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों का सम्मान करने में अत्यधिक प्रसन्नता महसूस हो रही है।

हितग्राहियो को जन कल्याण योजना से लाभान्वित कराने हेतु विशेष शिविर का आयोजन

विजय मत, सिंगरौली।

कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश के मार्गदर्शन में बैगा हितग्राहियो को सचिवो,रोजगार सहायको एवं विस्तार अधिकारियो द्वारा मोबलाईज कर शिविर के माध्यम से जन कल्याण योजनाओं का लाभ बैगा बसाहटो में दिलाया जा रहा है। इस शिविर में जाति प्रमाण पत्र,राशन कार्ड,आधार कार्ड,समंग्र आईडी,बैक खाता,आयुष्मान कार्ड आदि का लाभ हितग्राहियो को दिया जायेगां। कैम्पो में ग्राम रोजगार सहायक द्वारा समंग्र पोर्टल सुधार कर ई केवाईसी की गई। बैगा समाज के स्कूली बच्चे जिनका आधार बनना या उनके आधार मे सुधार किया जाना है शिविर के माध्यम में उनके अधार कार्ड बनाये गये तथा जिन बच्चो के आधार में विसंगति थी उनका सुधार भी कराया गया। शिविर के दौरान हितग्राहियो को स्वास्थ्य सेवा उपलंब्ध कराने के लिए आयुष्मान कार्ड हेतु स्क्रीनिंग का आयुष्मान कार्ड उपलंब्ध कराये गये। शिविर के दौरान हितग्राहियो का बैको तथा कियोस्क के माध्यम से बैक खाते उपलंब्ध कराये गये ताकि सामाजिक सुरंक्षा संबंधी योजनाओं का लाभ उन्हें मिल सके। इस तारतम्य में ग्राम पंचायत करौटी में तथा बिरकुनिया में आयोजित शिविर में उपखण्ड अधिकारी सिंगरौली सृजन बर्मा के द्वारा पहुचकर शिविर में प्राप्त आवेदन पत्रो का अवलोकन किया गया। तथा निर्देश दिये गये कि कोई भी पात्र बैगा परिवार के हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर सौरभ मिश्रा,नंदन तिवारी,उपायुक्त सहकारित पीके मिश्रा,सहायक आयुक्त जन जाति कार्य विभाग सहित शिविर में संलग्न कर्मचारी उपस्थित रहे।

ज्यादा पानी पीने से हो सकती है दिमाग में सूजन

पानी हमारे शरीर के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए कहा जाता है कि आप खूब पानी पीयें। गर्मी में पानी की जरूरत बढ़ जाती है। कई बार कई लोग चर्बी घटाने और डाइटिंग करने के लिए भी खूब पानी पीते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि जरूरत से ज्यादा पानी पीना भी आपकी सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है? दरअसल एक नए शोध में यह बात सामने आई है कि जरूरत से ज्यादा पानी पीने से व्यक्ति के दिमाग में सूजन आ सकती है। आइए, आपको बताते हैं कि क्यों आपको बहुत ज्यादा पानी पीने से बचना चाहिए।

संतुलन जरूरी

प्रायः ज्यादातर लोग जरूरत से कम पानी पीते हैं लेकिन कई लोग जो अपनी सेहत और मोटापे को लेकर ज्यादा फिक्रमंद होते हैं, जरूरत से ज्यादा पानी पी लेते हैं। आपके शरीर में पानी का संतुलन जरूरी है। अगर आपकी दिनचर्या सामान्य है, तो आपको एक दिन में लगभग 8 ग्लास पानी पीना चाहिए। लेकिन अगर आप ज्यादा मेहनत और पसीना निकलने वाला काम करते हैं, तो आपके शरीर की पानी की जरूरत ज्यादा हो जाती है। इसी तरह गर्मी में हमारे शरीर को सामान्य से ज्यादा पानी की जरूरत होती है।

क्या है नुकसान

- जरूरत से ज्यादा पानी पीने से भोजन को पचाने में मदद करने वाला पाचन रस काम करना बंद कर देते हैं। इस वजह से खाना देर से पचने लगता है।
- कई बार खाली पेट ठंडा पानी पीने से सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियां हो सकती हैं।
- कभी-कभी हद से ज्यादा पानी पीने से हार्टअटैक भी हो सकता है।
- अगर आप जरूरत से ज्यादा पानी पीते हैं, तो इससे किडनी की समस्या भी हो सकती है। क्योंकि ज्यादा पानी पीने से किडनी को अपनी क्षमता से ज्यादा काम करना पड़ता है।

मस्तिष्क में सूजन

शोध में पाया गया है कि शरीर में ज्यादा मात्रा में पानी हो जाने पर सोडियम का लेवल तेजी से कम होने लगता है। सोडियम का स्तर घटने से मस्तिष्क में सूजन आ सकती है, जो कि एक खतरनाक स्टेज है। शोध में पाया गया है कि ज्यादा पानी पीने के कारण शरीर में असामान्य रूप से सोडियम कम होने लगता है, इसलिए हाइपोट्रिमिया का खतरा बढ़ जाता है। सोडियम एक तरह का इलेक्ट्रोलाइट है, जो हमारे शरीर में पानी की मात्रा को नियंत्रित करता है।

दिमाग में 73 फीसदी पानी

क्या आप जानते हैं कि हमारे शरीर के कुल वजन का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा पानी होता है। यही नहीं, हमारे शरीर के दो सबसे महत्वपूर्ण अंग दिल और दिमाग में तो लगभग 73 प्रतिशत पानी ही होता है। यह पानी शरीर में मौजूद सेल्स में भरा होता है। पानी हमारे शरीर के अंगों को काम करने और सभी अंगों तक ऑक्सीजन पहुंचाने के लिए बहुत जरूरी है। हमारे शरीर का पानी कई तरह के कामों में खर्च होता रहता है। जब शरीर में पानी 2-3 प्रतिशत कम हो जाता है, तभी शरीर हमारे दिमाग को प्यास के संकेत भेज देता है। क्योंकि शरीर पानी को अपने कामों के लिए स्टोर करके रखता है।

पत्तियों से भी अधिक फायदेमंद तुलसी के बीज

तुलसी के बीज के असंख्य स्वस्थ्य लाभ हैं। आमतौर पर इनका उपयोग मिठाइयों और पेय पदार्थों में उपयोग किया जाता है। इनका आयुर्वेदिक और चीनी उपचार पद्धति में भी इस्तेमाल किया जाता है। तुलसी के बीज का इस्तेमाल कई वर्षों से घरेलू उपचार के रूप में भी किया जाता है। इसमें प्रोटीन, फाइबर और लौह की उच्च मात्रा होती है। आमतौर पर तुलसी के बीज पाचन, वजन घटाने, खांसी और ठंड का इलाज, प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने के अलावा और कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं। आज हम आपको तुलसी के बीज के फायदों के बारे में बता रहे हैं।

सूजन को करें कम

तुलसी के बीज में एंटी इंफ्लामेटरी गुण पाये जाते हैं, जो शरीर की सूजन को कम करते हैं। यह शरीर में सूजन पर उनके अवरोधक प्रभाव के कारण दस्त से निपटने में भी मदद कर सकता है। यह दस्त में भी फायदेमंद होता है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं

तुलसी के बीज में मौजूद फ्लेवोनॉयड्स और फेनोलिक जैसे तत्व शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को सुधारते हैं। तुलसी के बीज एंटी-ऑक्सीडेंट्स से समृद्ध होते हैं, जो शरीर में मुक्त कणों के कारण होने वाली क्षति से सुरक्षा प्रदान करते हैं। फ्री रेडिकल्स यानी मुक्त कणों के डैमेज की वजह से उम्र से पहले बुढ़ापा आने लगता है।

पेट की परेशानी करें दूर

तुलसी के बीज चिया बीज की तरह ही काम करता है। यह पाचन तंत्र को सुधारता है। इसे पानी में डालने पर फूल जाता है और ऊपर एक जिलेटिन की परत बना लेता है। इसे पानी में डालकर पीने से पेट सही रहता है। इसमें मौजूद फाइबर आंतों की अच्छी तरह से सफाई करता है। यह कब्ज, एसिडिटी और अपच की समस्या को दूर करता है।

सर्दी की करें छुट्टी

सर्दी, जुकाम, अस्थमा जैसी समस्याओं के उपचार के लिए तुलसी के बीज का प्रयोग किया जाता है। इसमें एंटीस्पाज्मोडिक प्रभाव होता है जो सामान्य ठंड और खांसी जैसी स्थिति में सुधार लाने में मदद करता है। आप बुखार को कम करने के लिए भी इसका उपयोग कर सकते हैं।

तनाव करें दूर



तुलसी के बीज दिमाग पर काफी अच्छा प्रभाव डालते हैं। यह तनाव और चिंता जैसी समस्या में छुटकारा दिलाने में मदद करते हैं। तुलसी के बीज के सेवन से मानसिक समस्याओं से छुटकारा मिलता है।

दिल को रखें निरोग

तुलसी के बीज कोलेस्ट्रॉल लेवल को मेनटेन करता है। आयुर्वेद में इसे हाइपरटेंशन के उपचार के तौर पर प्रयोग किया जाता है। हाई कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर दो ऐसी समस्याएं हैं जो हृदय के लिए घातक हैं। इन दोनों समस्याओं में तुलसी के बीच बेहतर माने जाते हैं। इससे हृदय की हर समस्या दूर की जा सकती है।

वजन घटाने में मददगार

तुलसी के बीज में कैलोरी कम मात्रा में होती है और यह भूख को कम करता है। इस प्रकार यह वजन घटाने में मदद कर सकता है। तुलसी के बीज में उच्च फाइबर सामग्री आपको लंबे समय तक भूख नहीं लगने देती। वजन कम करने के लिए आप इन्हें आहार में शामिल कर सकते हैं।

अचारी करेला

TODAY'S Dish

करेला खाना बहुत से लोगों को अच्छा नहीं लगता। लेकिन इसे खाना सेहत के लिए लाभदायक होता है। अगर आप इसकी सब्जी नहीं खाना चाहते, तो आप इसे अचार के रूप में तैयार कर सकते हैं। जानते हैं इसे बनाने की विधि।

सामग्री

- करेला- 600 ग्राम
- नमक - 1 बड़ा चम्मच
- पानी - 700 मिलीलीटर
- पानी - 1 लीटर
- तेल - 45 मिली लीटर
- जीरा - 1/2 छोटा चम्मच
- सौंफ - 1 छोटा चम्मच
- राई - 1/2 छोटा चम्मच
- साबुत मेथी - 1/2 छोटा चम्मच
- कलौंजी - 1/2 छोटा चम्मच
- हल्दी - 1/2 छोटा चम्मच
- नमक - 1 छोटा चम्मच
- लाल मिर्च - 2 छोटे चम्मच
- धनिया पाऊडर - 1 1/2 छोटा चम्मच
- गुड़ पाऊडर - 25 ग्राम
- इमली पलप - 60 ग्राम

विधि

- करेले लेकर छिलका उतारें और टुकड़ों में काट लें।
- अब कटे करेले को एक कटोरे में स्थानांतरित करें और इसमें 1 बड़ा चम्मच नमक तथा 700 मिलीलीटर पानी डालें और 30 मिनट तक भिगो कर रख दें।
- अब पानी हटा करेले अच्छी तरह धो लें।
- इसके बाद पैन में 1 लीटर पानी गरम करें, इसमें करेले डालकर अच्छी तरह मिलाएं।
- अब इसमें उबाल आने दें।
- अब करेले पानी से निकालकर एक तरफ रख दें।
- अब एक पैन में 45 मिली लीटर तेल गरम करें, 1/2 चम्मच जीरा, 1 चम्मच सौंफ , 1/2 चम्मच राई, 1/2 चम्मच साबुत मेथी, 1/2 चम्मच कलौंजी डालकर अच्छी तरह मिलाएं।
- इसमें 1/2 छोटा चम्मच हल्दी डालकर हिलाएं।
- अब इसमें करेले तथा 1 चम्मच नमक डालकर अच्छी तरह मिलाएं।
- इसके बाद इसे ढककर 15 मिनट तक पकाएं।
- फिर 2 चम्मच लाल मिर्च, 1 1/2 चम्मच धनिया पाऊडर डालकर इसे अच्छी तरह से मिलाएं।
- अब इसमें 25 ग्राम गुड़ पाऊडर, 60 ग्राम इमली पलप डालकर अच्छी तरह मिलाएं।
- इसके बाद इसे 3-5 मिनट के लिए कुक करें।
- अब इसे रोटी के साथ गर्मा गर्म परोसें।

राशिफल

मेष

घर, परिवार और संतानों के मामले में आज आपको आनंद और संतोष की भावना का अनुभव होगा। आज आप सगे- संबंधियों और मित्रों से घिरे रहेंगे।

वृषभ

व्यापार- धंधे के संबंध में प्रवास होगा और उसमें लाभ होगा। व्यवसाय के क्षेत्र में आपको लाभ, मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। नौकरी में पदोन्नति मिलेगी।

मिथुन

किसी भी प्रकार के अनिष्ट से बचने के लिए आज क्रोध की भावना को नियंत्रण में रखें। ऑपरेशन कराने के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है।

कर्क

आज आप मौज- शौक और मनोरंजन की प्रवृत्तियों में आप सराबोर होंगे। मित्रों के साथ मनोरंजन के स्थान या पर्यटन पर जाने का अवसर मिलेगा।

सिंह

आज आपके परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मिलकर आप आनंदपूर्वक समय व्यतीत करेंगे।

कन्या

आज आप संतान की समस्या से चिंतित रहेंगे। विद्यार्थियों की पढ़ाई में विघ्न आएगा। बौद्धिक चर्चा तथा बातचीत में भाग न लें।

तुला

अत्यधिक संवेदनशीलता और विचारों के बवंडर से आप मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। माता और स्त्रीयों के मामले में आपको चिंता रहेगी।

वृश्चिक

आज का दिन खुशीपूर्वक व्यतीत करेंगे। नए कार्य की शुरुआत करेंगे। घर में भाई-बहनों के साथ मेल-मिलाप रहेगा।

धनु

आज आपके मानसिक व्यवहार में दृढ़ता कम होने से कोई भी निर्णय तेजी से नहीं ले सकेंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने से बचें।

मकर

ऑफिस या व्यवसायिक स्थान पर आपका वर्चस्व बढ़ेगा। गृहजीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

कुंभ

खर्च की मात्रा अधिक रहेगी। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य नहीं रहेंगे। स्वजनों के साथ मतभेद खड़े होंगे।

मीन

सामाजिक कार्यों या समारोहों में भाग लेने का अवसर आएगा। सुंदर स्थान पर पर्यटन का आयोजन होगा। शुभ समाचार मिलेगा।

टी20 प्रारुप में हमेशा ही बल्लेबाज हावी रहे : कमिंस

चेन्नई। सनराइजर्स हैदराबाद टीम के बाद कप्तान पैट कमिंस ने टी20 प्रारुप पर निशाना साधा है। कमिंस ने कहा है कि टी20 क्रिकेट हमेशा से ही बल्लेबाजों के पक्ष में रहा है। आईपीएल के इस सत्र में बल्लेबाजों को कुछ ज्यादा ही सहायता मिल रही है। इसके पीछे आईपीएल के कुछ नियम ओर पिच हैं। कमिंस ने कहा कि इस सत्र में छह बार 250 से अधिक का स्कोर बन चुका है और 200 रन बनाकर भी आप हार सकते हैं। इससे पहले आईपीएल इतिहास में दो ही बार 250 से अधिक का स्कोर बना था। कमिंस ने कहा ,'' टी20 हमेशा से बल्लेबाजों का खेल रहा है और इस सत्र में तो यह एक कदम और आगे चला गया हैं।

दिल्ली कैपिटल्स अब भी प्लेऑफ में पहुंच सकती है : होप्स

कोलकाता। दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स को अब भी भरोसा है कि उनकी टीम आईपीएल के प्ले ऑफ में पहुंचने में सफल रहेगी। कैपिटल्स की टीम को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था जिसके बाद उसके प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं कम होने की बात कही गयी थी। वहीं टीम को गेंदबाजी कोच होप्स कहा उन्हें टीम के प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीद है। केकेआर के खिलाफ हार से दिल्ली की टीम छठे स्थान पर फिसल गयी और उसके पास अब तीन मैच ही हैं। उसे अगला मुकाबला 7 मई को घरेलू मैदान पर राजस्थान रॉयल्स से होगा। इसके बाद उसे बेंगलुरू में 12 मई को वह आरसीबी से खेलेगी। लीग में उनका अंतिम मैच 14 मई को घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ है। होप्स ने कहा, 'अब हमारे पास एक सप्ताह का ब्रेक है।

आईपीएल में आज राजस्थान रॉयल्स से मुकाबला करेगी सनराइजर्स

शाम 7 : 30 से होगा मुकाबला

हैदराबाद, एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद की टीम आईपीएल में गुरुवार को अपने घरेलू मैदान पर राजस्थान रॉयल्स का सामना करेगी। इस मैच में सनराइजर्स भले ही अपने घरेलू मैदान पर खेल रही हो लेकिन इस मैच में जीत के लिए कप्तान संजू सैमसन की राजस्थान को प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इसका कारण ये है कि राजस्थान ने अबतक खेले गये 9 मुकाबलों में से 8 जीते हैं। ऐसे में वह 16 अंक लेकर शीर्ष पर है। इसके साथ ही उसके बल्लेबाज और गेंदबाज शानदार फर्म में हैं। वहीं दूसरी और इस सत्र की शुरुआत में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से धमाका करने वाली कप्तानी पैट कमिंस की सनराइजर्स बाद के मैचों में असफल रही है। । उसने अब तक पांच मैच जीते हैं जबकि चार में उसे हार का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रकार 10 अंक लेकर वह पांचवे नंबर पर है। पिछली कुछ हारों से उसका मनोबल भी गिरा है और टीम लक्ष्य का सामना करने में विफल रही है।

ऐसे में सनराइजर्स के लिये अपनी प्लेऑफ की संभावनाएं बनाये रखने इस मैच में जीतना जरुरी है। रॉयल्स ने पहले ही प्लेऑफ के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। सनराइजर्स के शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाज लक्ष्य का पीछा करते हुए अब तक असफल रहे हैं यहां तक कि कोच डेनियल विटोरी ने भी माना है कि लक्ष्य का पीछा करते हुए अति आक्रामक खेलने की रणनीति से उसे हार मिली है।

सनराइजर्स ने इस सत्र में पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन बार 250 से अधिक स्कोर बनाया पर वह लक्ष्य का पीछा करते हुए 200 से अधिक का स्कोर एक बार भी हासिल नहीं कर पायी। मुख्य कोच विटोरी ने आरसीबी से मिली हार के बाद कहा था ,'' हम लक्ष्य देने में सफल रहे हैं पर अब हमें लक्ष्य का पीछा करना भी सीखना होगा।'' सनराइजर्स की टीम इस सत्र में अब तक बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा पर काफी निर्भर रही है। ऐसे में अगर ये रन नहीं बना पाते हैं तो टीम बिखर जाती है।

उसके अनुभवी बल्लेबाज एडेन माक्रम भी अब तक रन नहीं बना पाये हैं। वहीं रॉयल्स का अब तक का सफर जबरदस्त रहा है। पहले सत्र की विजेता टीम ने हर विरोधी टीम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया है। उसके पास कप्तान संजू सैमसन के अलावा जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल और जैसे शानदार बल्लेबाज हैं। इसके अलावा शिमरोन हेटमायेर और रोवमैन पॉवेल, रियान पराग और ध्रुव जुरेल ने भी काफी रन बनाये हैं। गेंदबाजी की बात करें तो टीम के पास ट्रेंट बोल्ट जैसा तेज गेंदबाज व आवेश खान व संदीप शर्मा हैं जैसे युवा गेंदबाज है।

केकेआर के गेंदबाज हर्षित पर एक मैच का प्रतिबंध लगा

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम के तेज गेंदबाज हर्षित राणा को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हुए मैच में आचार संहिता उल्लंघन करना भारी पड़ा है। बीसीसीआई ने इस गलती के लिए हर्षित पर एक मैच का प्रतिबंध लगाया है। ऐसे में अब वह मुंबई इंडियंस के खिलाफ केकेआर की ओर से अगला मैच नहीं खेल पायेंगे। इस तेज गेंदबाज पर मैच रेफरी ने मैच फीस का सौ फीसदी जुर्माना लगाया है। वहीं इससे पहले के मैच में भी सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज मयंक अग्रवाल के आउट होने पर राणा ने आचार संहिता तोड़ी भी। तब उनपर मैच फीस का 60 फीसदी जुर्माना लगाया गया था। वहीं अब दिल्ली के खिलाफ अभिषेक पोरेल का विकेट गिरने पर उन्होंने फिर आचारसंहिता तोड़ी है। उन्होंने पोरेल की तरफ हाथ का इशारा करके पवेलियन लौटने का संकेत दिया और फ्लाइंग किस का इशारा करते करते रूक गय। वहीं इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के खिलाफ मैच में भी आउट को लेकर हर्षित विवाद में आये थे। तब उनकी गेंद पर विराट को आउट दिया गया था। वहीं आईपीएल ने अपने एक बयान में कहा,'' राणा ने आईपीएल आचार संहिता की धारा 2.5 के तहत लेवल एक का अपराध किया है और उन्होंने अपनी सजा मान ली है। इसलिए आगे सुनवाई की जरुरत नहीं पड़ी है। लेवल एक के अपराध में मैच रैफरी का फैसला अंतिम और सर्वमान्य होता है।

बुमराह की तरह गेंदबाजी करते हैं आरसीबी के नेट गेंदबाज महेश कुमार

नई दिल्ली, एजेंसी

आईपीएल में एक नेट गेंदबाज महेश कुमार चर्चाओं में बने हैं। महेश वैसे तो एक नेट गेंदबाज हैं पर उनका एक्शन भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की तरह नजर आता है। इसी को देखते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपने इस नेट गेंदबाज महेश का एक वीडियो जारी किया है। इसमें महेश गेंदबाजी कर रहे हैं। इस दौरान ऐसा लग रहा था जैसे कि बुमराह गेंदबाजी कर रहे हों। इंडियन डॉमेस्टिक क्रिकेट फोरम के सोशल मीडिया हैंडल पर यह वीडियो है। इस वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, महेश कुमार आरसीबी के लिए आईपीएल 2024 में नेट बॉलर हैं। वहीं रिपोर्ट्स के अनुसार महेश कुमार आरसीबी से पहले गुजरात टाइटंस के लिए नेट्स में गेंदबाजी करते थे। गुजरात के लिए गेंदबाजी करते हुए ही महेश कुमार का वीडियो भी साझा किया गया है। इसलिए वह गुजरात टाइटंस के अभ्यास की जर्सी में दिख रहे हैं। हालांकि वह काफी पहले से ही आरसीबी के साथ जुड़े हुए हैं पर उन्हें कोई बड़ा अवसर नहीं मिल पाया है। महेश अपनी सटीक यॉर्कर के कारण भी जूनियर बुमराह के नाम से जाने जाते रहे हैं हालांकि अब तक उन्हें किसी बड़े स्तर पर पहचान नहीं मिल पाई है।

आक्रामक बल्लेबाजी से निपटने गेंदबाजों को मानसिक रुप से तैयार रहना होगा : वरुण

आउट करने नये तरीके तलाशने होंगे

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिनर वरूण चक्रवर्ती ने कहा है कि आईपीएल में इस बार बल्लेबाजों के आक्रामक रुख का सामना करने के लिए गेंदबाज मानसिक रुप से तैयार नहीं थे जिसका उन्हें नुकसान हुआ है। वहीं 'इंपेक्ट प्लेयर के आने से बल्लेबाज और आक्रमक हो गये। ऐसे में गेंदबाजों को उन्हें रोकने के लिए नये तरीके तलाशने होंगे। वरुण ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में 16 रन देकर तीन विकेट लिए थे। वरुण ने कहा, 'इंपेक्ट प्लेयर नियम पिछले साल भी था पर बल्लेबाज तब इतने

हावी नहीं थे। टीमें अब समझ गई हैं कि इंपेक्ट प्लेयर नियम का बेहतर उपयोग कैसे करना है। वे जानते हैं कि उनके पास अतिरिक्त बल्लेबाज है और वे पहली गेंद से ही प्रहार करना चाहते हैं। यह इसी तरह चल रहा है। उन्होंने कहा, 'गेंदबाज कितना भी दुखी हो, यह ऐसा ही है। हमें स्वीकार करना होगा कि यह आईपीएल अलग है और मानसिक रूप से इस चुनौती को स्वीकार करना होगा। इसके आप ज्यादा आप कुछ भी नहीं बदल सकते। चक्रवर्ती ने कहा कि ईडन गार्डन्स की पिच से दिल्ली के खिलाफ गेंदबाजों को अच्छी मदद मिली। उन्होंने कहा, ''इससे पूर्व पिछले दो मैचों में हमने लक्ष्य का उतना अच्छा बचाव नहीं किया था क्योंकि दूसरी पारी में विकेट बहुत सपाट हो गया था।

बिजनेस

चुनावी मौसम में मिली बड़ी राहत एलपीजी सिलेंडर हो गया सस्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनावी मौसम और ग्लोबल स्तर पर क्रूड ऑयल की कीमतों में आई कमी के चलते गैस सिलेंडर की कीमतों में गिरावट आई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कटौती की है। सरकार ने बुधवार, 1 मई से 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम 19 रुपये घटा दिए है। हालांकि, घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। सभी शहरों में दाम यथावत बने हुए हैं। राजधानी दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर का रिटेल प्राइस अब 1,745.50 रुपये है। इससे पहले दिल्ली में 19 किलो वाले सिलेंडर की कीमत 1764.50 रुपये थी।

पिछले महीने 1 अप्रैल को ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 30.50 रुपये की कटौती की थी। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने

इससे पहले मार्च में 25.50 रुपये और फरवरी में 14 रुपये की बढ़ोतरी की थी, जबकि 1 जनवरी को कीमत में 1.50 रुपये की मामूली कटौती की गई थी।एलपीजी के दामों में कटौती के बाद दिल्ली में 19 किलोग्राम के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1,764.50 रुपये से घटकर 1,745.50 रुपये हो गई है. मुंबई में नई कीमत 1,698.50 रुपये तय की गई. चेन्नई में कीमत 1,911 रुपये है, जबकि कोलकाता में 20 रुपये की कटौती के बाद यह कीमत 1,859 रुपये है. गैस सिलेंडर की कीमतों में यह कटौती ग्लोबल ऑयल प्राइस में हालिया गिरावट के कारण आई है।

मंडियों में अरहर दाल के दाम बढ़ने से खुदरा बाजार में आया उछाल

कमोडिटी विश्लेषकों ने कहा-अरहर का उत्पादन कम होने से तुअर दाल हुई महंगी

नई दिल्ली, एजेंसी

अरहर यानी तुअर दाल के भाव कम नहीं हो रहे हैं। इससे लोग काफी परेशान है। क्योंकि हमारे देश में अरहर दाल की खपत ज्यादा है। पिछले साल से अरहर की कीमतों में आई तेजी आज भी बनी हुई है। इस साल अरहर के थोक भाव 12,000 रुपए क्विंटल को पार कर चुके हैं। अप्रैल माह में भी मंडियों में अरहर के दाम बढ़े रहे। अरहर के थोक भाव बढ़ने से खुदरा बाजार में अरहर दाल की खुदरा कीमत 200 रुपये किलो पार कर चुकी है। मंडियों में इस माह अरहर की कीमतों में तेजी देखने को मिली। महाराष्ट्र की प्रमुख मंडी अकोला में एक अप्रैल को अरहर के थोक भाव 10,700 से 10,850 रुपये थे, जो अब बढ़कर 12,000 से 12,200 रुपए क्विंटल तक पहुच गए हैं। मंडी में अरहर

दाल के थोक भाव 14,400-15,400 रुपए से बढ़कर 16,100-17,300 रुपये क्विंटल हो गए हैं। दिल्ली की मंडी में अरहर दाल के थोक भाव 1,300 रुपए बढ़कर 16,500-16,600 रुपये क्विंटल हो चुके हैं। मंडियों में अरहर की कीमतों में तेजी का असर खुदरा बाजार पर भी दिख रहा है। आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में अरहर दाल की औसत खुदरा कीमत इस माह 157 रुपए से बढ़कर 170 रुपए, महाराष्ट्र में 159.74 से बढ़कर 167.63 रुपए, मध्य प्रदेश में 150.46 से बढ़कर 157.02 रुपए और यूपी में 143.92 से बढ़कर 147.56 रुपए किलो हो गई है। देशभर में अरहर(तुआर) की औसत खुदरा कीमत इस माह 149.23 रुपए से बढ़कर 152.73 रुपए हो गई है और इसकी अधिकतम खुदरा कीमत 203 रुपए किलो है। कमोडिटी विश्लेषकों के अनुसार सरकार की तमाम कोशिशों के बाद भी अरहर दाल के दाम बढ़ रहे हैं। अरहर की आपूर्ति कमजोर है क्योंकि अरहर का उत्पादन कम हुआ है। इसलिए अरहर दाल महंगी हुई है। एक और कमोडिटी विश्लेषक ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में अरहर दाल के आयात में करीब 10 फीसदी कमी आई है जिससे अरहर के दाम बढ़ रहे हैं।

अदाणी टोटल गैस का 2024 में मुनाफा 27 फीसदी बढ़ा

अहमदाबाद। अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) ने वित्तवर्ष 2024 में 1,150 करोड़ रुपए के ईबीआईटीडीए की घोषणा की, जो टैक्स के बाद समेकित लाभ के साथ 668 करोड़ रुपए पर 27 फीसदी बढ़ गया, जो पिछले वित्तवर्ष की तुलना में 22 फीसदी ज?यादा है। कंपनी ने कहा कि परिचालन से राजस्व 4,813 करोड़ रुपए था, वित्तवर्ष 2024 में कुल मात्रा 15 फीसदी और वित्तवर्ष 2024 की चौथी तिमाही साल दर साल में 20 फीसदी बढ़ गई है। अदाणी टोटल गैस के ईडी और सीईओ ने कहा कि 2024 एटीजीएल के लिए बदलाव का साल रहा है। हमने एक मजबूत परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन कर 15 फीसदी वॉल्यूम ग्रोथ के दम पर सालाना आधार पर 27 फीसदी ईबीआईटीडीए वृद्धि हासिल की है। पीएनजी घरों की संख्या बढ़कर 8.20 लाख हो जाने से सीएनजी नेटवर्क बढ़कर 547 स्टेशनों तक पहुंच गया है, जिससे पिछले वित्तवर्ष में 1.16 लाख नए घरों को पीएनजी से जोड़ा गया है। कई भौगोलिक क्षेत्रों में नेटवर्क विस्तार से सीएनजी की मात्रा में 21 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। औद्योगिक और वाणिज्यिक कनेक्शन बढ़कर 8,331 हो गए, जिससे 896 नए उपभोक्ता भी कंपनी से जुड़ गए हैं।

खूबियों से भरपूर ओप्पो का नया फोन ओप्पो ए 60 लॉन्च

नई दिल्ली। चाइनीज कंपनी ओप्पो ने अपनी ए सीरीज़ के नए फोन ओप्पो ए 60 को लॉन्च कर दिया है। डुअल-सिम (नैनो) वाला ओप्पो ए66 एंड्रॉयड 14 पर बेस्ड कलर ओएस 14.0.1 पर काम करता है। इसमें 90एचझेड रिफ्रेश रेट के साथ 6.67-इंच का एचडी प्लस एलसीडी डिस्प्ले मिलता है, और ये 720 गुणा 1,604 पिक्सल रेजोलूशन के साथ आता है। ये ऑक्टा-कोर स्नैपड्रैगन 680 चिप पर काम करता है, जिसे 8जीबी एलपीडीडीआर4 एक्स रैम के साथ जोड़ा गया है। कैमरे के तौर पर नए ओप्पो ए60 में एफ/1.8 अपर्चर और ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइज़ेशन के साथ 50-मेगापिक्सल का प्राइमेरी कैमरा मिलता है। इसमें एफ/2.4 अपर्चर वाला एक 2-मेगापिक्सल का सेकेंडरी कैमरा भी शामिल है। इसके अलावा फोन के फ्रंट की बात करें तो इसमें सामने की तरफ 8-मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा मिलता है। कंपनी ने इस हैंडसेट को 256जीबी तक यूएफएफएस2.2 स्टोरेज से लैस किया है। पावर के लिए ओप्पो ए60 में 5,000 एमएएच की बैटरी दी गई है, जिसे 45वॉट पर चार्ज किया जा सकता है। इसमें बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन के लिए साइड-माउंटेड फिंगरप्रिंट स्कैनर मिलता है। कनेक्टिविटी के लिए ओप्पो के नए फोन में 4जी एलटीई, वायफाय, ब्लूटूथ 5.0, एनएफसी, जीपीएस, ए-जीपीएस, एक यूएसबी टाइप-सी पोर्ट और एक 3.5एमएम ऑडियो जैक मिलता है।

ग्राहकों से अतिरिक्त चार्ज वसूलने वाले बैंकों पर हो रही सख्ती

नई दिल्ली, एजेंसी

आरबीआई उन बैंकों पर शिकंजा कस रहा है जो ग्राहकों से अतिरिक्त फीस वसूल रहे हैं। आरबीआई का मकसद ये है कि बैंक जिम्मेदारी से लोन दें और सही तरीकों का पालन करें। इससे बैंकों और लोन लेने वालों दोनों की सुरक्षा होती है। असल समस्या ये है कि आरबीआई को पता चला है कि कुछ बैंक ग्राहकों को लोन की रकम देने से पहले ही उनसे ब्याज वसूल रहे हैं। ये गलत है और इससे लोन लेने वालों का नुकसान होता है। इसलिए आरबीआई ने बैंकों और दूसरे लोन देने वालों (जिन्हें विनियमित संस्थाएं कहा जाता है) को ये निर्देश दिया है कि वो लोन देने के अपने तरीकों को रिव्यू करें। इसमें ये शामिल है कि वो पैसा कैसे देते हैं (चेक से या खाते में ट्रांसफर करके) और ब्याज और दूसरी फीस कैसे वसूलते हैं?

रिजर्व बैंक ने पाया है कि कुछ बैंक लोन देते समय ग्राहकों से अनुचित तरीके से ब्याज वसूल रहे थे। उदाहरण के लिए, लोन स्वीकृत होने के बाद या लोन की रकम का चेक देने में देरी होने पर भी ब्याज लगाया जा रहा था। मतलब आप उन पैसों पर ब्याज दे रहे थे जो आपको अभी तक मिले भी नहीं थे! इसी तरह, कुछ मामलों में पूरे महीने का ब्याज लिया गया, भले ही आपने लोन महीने के बीच में लिया या चुकाया हो। यहां तक कि अगर आपने लोन का कुछ हिस्सा पहले चुका दिया, तो भी पूरी रकम पर ब्याज लगाया जा रहा था। इन सब गलत प्रैक्टिस को रोकने के लिए आरबीआई ने सख्त कदम उठाए हैं। बैंकों को अब इन तरीकों का इस्तेमाल बंद करना होगा और अगर उन्होंने इससे पहले ऐसा किया है, तो ग्राहकों को अतिरिक्त वसूला गया ब्याज वापस करना होगा। यह कदम, मार्च 2024 में की गई जांच के बाद उठाया गया है। जहां ऋक्ष्ट ने पाया कि कई बैंक लोन संबंधी ब्याज वसूली में गलत प्रैक्टिस का इस्तेमाल कर रहे थे। आरबीआई का कहना है कि ये प्रैक्टिस ग्राहकों के साथ निष्पक्ष और पारदर्शी व्यवहार के सिद्धांतों के खिलाफ हैं।

आसमान छू रही सोने की कीमतें भारत में फिर भी बढ़ रही मांग

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सोने की खरीद से भी मांग में बढ़ोतरी

नई दिल्ली, एजेंसी

सोने की आसमान छूती कीमतों से भी भारतीय लोगों का सोने से मोह कम नहीं हो रहा है। सोना आज सारे रिकार्ड तोड़ रहा है। सोने में आर्थिक माहौल के दम पर जनवरी-मार्च तिमाही में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 136.6 टन हुई है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने यह जानकारी दी। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सोने की खरीद से भी मांग में वृद्धि हुई। इस साल जनवरी-मार्च में भारत की सोने की मांग वार्षिक आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 75,470 करोड़ रुपए पहुंच गई। इसका कारण मात्रा में वृद्धि के साथ तिमाही औसत कीमतों में 11 प्रतिशत की वृद्धि भी है।

डब्ल्यूजीसी ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट 'गोल्ड डिमांड ट्रेंड्स क्यू1 2024' जारी की। इसमें भारत की कुल सोने की मांग, जिसमें आभूषण तथा निवेश दोनों शामिल है। इस साल जनवरी-मार्च में बढ़कर 136.6 टन हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 126.3 टन थी। भारत में सोने की कुल मांग में से आभूषणों की मांग चार प्रतिशत बढ़कर 95.5 टन हो गई। डब्ल्यूजीसी के भारत में क्षेत्रीय मुख्य कार्यकारी अधिकारी सचिन जैन ने कहा कि सोने की मांग में बढ़ोतरी से भारतीयों के सोने के साथ स्थायी रिश्ते की पुष्टि करती है। उन्होंने कहा कि भारत का निरंतर मजबूत वृहद आर्थिक परिवेश सोने के आभूषणों की खपत के लिए सहायक रहा, हालांकि मार्च में कीमतें ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गईं हैं। इससे तिमाही समाप्त होने पर बिक्री कम हुई। उन्होंने उम्मीद जताई है कि इस वर्ष भारत में सोने की मांग 700-800 टन के आसपास जा सकती है। उन्होंने कहा कि अगर कीमतों में तेजी जारी रहती है तो मांग इस सीमा के निचले स्तर पर हो सकती है। 2023 में देश में सोने की मांग 747.5 टन थी।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा जेयन ऑफसेट वर्क्स, 119 इनारा हाऊस रायसेन रोड भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं ई.एम.एस. 21 इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित, संपादक-सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला
आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2015/66998, (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। Email-vijaymat.bhopal@gmail.com

न्यूज इन शॉर्ट

चलें बूथ की ओर अभियान का पर्यवेक्षण करेंगे अधिकारी

विजय मत, भोपाल। लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत तीसरे और चौथे चरण के 31 जिलों में स्थित प्रत्येक मतदान केन्द्र पर चलें बूथ की ओर अभियान चलाने के निर्देश दिये गये हैं। निर्देशों के पालन में चलें बूथ की ओर अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों/गतिविधियों के पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण के लिये मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। राजेश कौल, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विदिशा, भोपाल व बैतूल, मनोज खत्री, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायसेन, खंडवा व बुरहानपुर, विवेक श्रोत्रिय, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बड़वानी, अलीराजपुर व झाबुआ, बसंत कुर्रे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्योपुर, भिंड व दतिया, तरूण राठी, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी गुना, अशोकनगर व सागर, प्रमोद शुक्ला, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजगढ़, आगर-मालवा व शाजापुर, श्रीमती निमिषा जायसवाल, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मुरैना, धार व हरदा, श्रीमती सुरभि तिवारी, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी उज्जैन, शिवपुरी व खरगौन, संजय कुमार श्रीवास्तव, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ग्वालियर, इंदौर व देवास और राजेश यादव, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नीमच, मंदसौर व रतलाम जिले में इस अभियान के अंतर्गत आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों/गतिविधियों का पर्यवेक्षण करेंगे। साथ ही संबंधित जिले के मतदान केन्द्रों का भ्रमण भी करेंगे।

विद्युत संबंधी शिकायतों का उपाय एप पर समाधान

विजय मत, भोपाल। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपाय एप पर विद्युत संबंधी शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। कंपनी ने कहा है कि आंधी, तूफान एवं अन्य कारणों से होने वाले विद्युत व्यवधान के निराकरण के लिए उपभोक्ता मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय एप को अपने मोबाइल में डाउनलोड करें और अपनी शिकायत का त्वरित समाधान कराएं। कंपनी ने बताया है कि बिजली उपभोक्ता गूगल प्ले स्टोर से इस एप को निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि उपभोक्ता मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय एप के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करने के साथ ही शिकायत की स्थिति भी जान सकते हैं। बिजली कंपनी ने कहा है कि उपभोक्ताओं के लिए उपाय एप के माध्यम से रजिस्टर कम्पलेंट ऑप्शन्स की सहायता से विद्युत व्यवधान या बिल संबंधी शिकायत दर्ज कर शिकायत क्रमांक प्राप्त कर सकते हैं।

भोपाल निर्वाचन क्षेत्र में बाहर से आये व्यक्ति जो संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं है, 5 मई सायं को निर्वाचन क्षेत्र छोड दें

विजय मत, भोपाल। लोकसभा निर्वाचन - 2024 के दौरानभोपाल लोकसभा क्षेत्र में 07 मई 2024 को मतदान तिथि निर्धारित की गई है। आयोग के निर्देशानुसार मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व अर्थात 05 मई 2024 को सायं 06.00 बजे से मतदान समाप्ति के आगामी 24 घण्टे तक अर्थात 08 मई 2024 को सायं 06:00 बजे कुल 72 घण्टे तक किसी भी प्रकार से किया जाने वाला चुनाव प्रचार, रैली, ध्वनि विस्तारक यंत्र, नुक्कड़ सभाऐं एंव आमसभाऐं पूर्णतः प्रतिबंधित की गई हैं। उक्त चुनाव प्रचार प्रतिबंधित अवधि में राजनीतिक कार्यकर्ता, पार्टी कार्यकर्ता, जुलूस कार्यकर्ता, अभियान कार्यकर्ताओं आदि की उपस्थिति जो निर्वाचन क्षेत्र से बाहर से लाए गए हैं और जो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 149-बैरसिया, 150-भोपाल उत्तर, 151-नरेला, 152-भोपाल दक्षिण-पश्चिम, 153-भोपाल मध्य, 154-गोविन्दपुरा एवं 155-हुजूर के मतदाता नहीं हैं, उन्हें निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित नहीं रहना चाहिए। ऐसे सभी कार्यकर्ता चुनाव प्रचार अवधि समाप्त होने के तुरंत पश्चात् अर्थात 05 मई 2024 सायं 06.00 बजे तक संबंधित निर्वाचन क्षेत्र को छोड दें ताकि स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन माहौल तैयार किया जा सके।

हज आवेदकों को राहत, 4 मई तक जमा कर सकेंगे खर्च की आखिरी किश्त

विजय मत, भोपाल। प्रदेश सहित देशभर के हजारों ऐसे हाजियों को इस रियायत से राहत मिल गई है, जो किसी वजह से अपनी आखिरी किश्त जमा नहीं कर पाए थे। हज कमेटी ने अब अंतिम रूप से अनिवार्यता लागू करते हुए 4 मई तक यह राशि जमा करने के लिए कहा है। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज 2024 के चयनित आवेदकों को राहत दी है। उन्हें अब 4 मई तक अपने हज खर्च की आखिरी किश्त जमा करने की इजाजत होगी। इससे पहले यह राशि 27 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से जमा करने के लिए कहा गया था। प्रदेश सहित देशभर के हजारों ऐसे हाजियों को इस रियायत से राहत मिल गई है, जो किसी वजह से अपनी आखिरी किश्त जमा नहीं कर पाए थे। जून माह में होने वाले हज के लिए देश से करीब 1.75 लाख हाजी इसी महीने के आखिरी सप्ताह में रवाना होना शुरू हो जाएंगे। इनमें प्रदेश के करीब 7 हजार हाजी भी शामिल होंगे।

बिलकिसगंज एवं कांकरखेड़ा में 'चलें बूथ की ओर' अभियान में शामिल हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

हर वोट कीमती, लोकतंत्र की मजबूती के लिए अवश्य करें मतदान: राजन

विजय मत, भोपाल

लोकसभा निर्वाचन-2024 के तीसरे एवं चौथे चरण में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से संबंधित संसदीय क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में चलें बूथ की ओर'' अभियान प्रारंभ किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन बुधवार को सीहोर जिले के ग्राम बिलकिसगंज एवं कांकरखेड़ा में चलें बूथ की ओर अभियान में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हर वोट कीमती है। लोकतंत्र की मजबूती के लिये मतदान अवश्य करें। राजन मतदाताओं को जागरूक करने के लिये ट्रैक्टर में बैठकर गांव में घूमे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने मतदाताओं से लोकतन्त्र के महापर्व में अपनी सहभागिता करते हुए लोकसभा चुनाव में मतदान जरूर करने की अपील की। उन्होंने कहा कि निर्भीक होकर मतदान करें और भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायें। राजन ने कहा कि अगले दो चरणों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाना है। इसके लिये जरूरी है कि हर मतदाता वोट जरूर डाले। उन्होंने कहा कि जैसा उत्साह और अनुशासन आज दिख रहा है, ऐसा ही मतदान के दिन भी दिखना चाहिए।

राजन ने कहा है कि मतदान के दौरान मतदान केंद्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। गर्मी को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों में छाया, पानी, दवाईयां तथा बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि जब भी मतदान करने जाएं, तो मतदाता सूचना पर्ची के साथ पहचान का एक फोटोयुक्त दस्तावेज अवश्य ले जाएं।

सर्वाधिक मतदान कराना है, सीहोर को नम्बर वन बनाना है... *कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सीहोर प्रवीण सिंह ने कहा कि शत प्रतिशत मतदान कराकर सीहोर जिले को प्रदेश में नम्बर वन बनाना है। उन्होंने कहा कि मतदाता पर्ची प्रत्येक मतदाता तक स्वयं पहुंचाना है और मतदान के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को यह बताना है कि मतदान के दौरान गर्मी को लेकर परेशान न हो। प्रत्येक मतदान केन्द्र में टेंट, ठंडा पानी और बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की गई है। साथ ही अधिक मतदाता संख्या वाले मतदान केन्द्रों में अतिरिक्त कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई गई है, ताकि मतदाताओं को अधिक देर तक अपनी बारी का इंतजार नहीं करना पड़े।*

100 से अधिक ट्रैक्टर और बाईक से संदेश

सीहोर जिले के ग्राम बिलकिसगंज में 100 से अधिक ट्रैक्टर की और ग्राम कांकरखेड़ा में मोटर साईकिल की रैली निकालकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। पोस्टर, बैनर के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने की अपील की गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी, सीईओ जिला पंचायत एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

अधिकारियों ने विभिन्न जिलों में की अभियान में सहभागिता

अपर-मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कौल ग्राम मनौरा जिला विदिशा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज खत्री रायसेन जिले के ग्राम खरवई और सेहतगंज तथा उप-मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद शुक्ला ग्राम मण्डावर, जिला राजगढ़ में चलें बूथ की ओर अभियान में शामिल हुए।

शादी-ब्याह और गर्मी ने गिराया मतदान अब तीसरे चरण में आएगा सुधार: मिश्रा

विजय मत, भोपाल

मध्य प्रदेश भाजपा की न्यू जॉइनिंग टोली के संयोजक और पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि पार्टी प्रदेश की 29 में से 29 सीटें जीतने जा रही है। शुरुआती दो चरणों के मतदान के मुकाबले तीसरे और चौथे चरण में सुधार दिखेगा।

मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री और भाजपा की न्यू जॉइनिंग टोली के संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा का दावा है कि शुरुआती दो चरणों में मतदान कम हुआ है, लेकिन आगे आने वाले चरणों में सुधार होगा। शुरुआती दो चरणों में मतदान में गिरावट की मुख्य वजह शादी-ब्याह और गर्मी रही। साथ ही उन्होंने यह दावा भी किया कि पार्टी प्रदेश की सभी सीटों पर जीत हासिल करने जा रही है।

खास बातचीत में डॉ. मिश्रा ने भाजपा में आ रहे कांग्रेस नेताओं को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि अब तक चार लाख से अधिक नेता भाजपा में शामिल हो चुके हैं। इन्हें पार्टी में समरस कर लिया गया है। कहीं कोई दिक्कत नहीं है। आने वालों में पूर्व केंद्रीय मंत्री, पूर्व मंत्री और विधायक भी शामिल हैं।

आप हमारी प्रतिक्रिया क्यों ले रहे हैं, कांग्रेस अध्यक्ष की प्रतिक्रिया लीजिए। यह उनके शहर का ही प्रत्याशी चला जाए, तो क्या कह सकते हैं। पहले कांग्रेस ने खजुराहो सीट छोड़ी। फिर इंदौर में प्रत्याशी ने कांग्रेस छोड़ दी। यह तो कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष को देखना चाहिए। पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी लेकर घूम रहे हैं और अपना घर ही नहीं देख सके। किसी को पिटे-पिटाए नेता ऐसा मैं नहीं कहता। यह कांग्रेस ही बोल सकती है। राम नाम से प्रभावित होकर राष्ट्रभक्ति से प्रेरित होकर भाजपा में आ रहे हैं। भारत को विश्वगुरु बनाने को लेकर जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प है, उससे प्रेरित हो रहे हैं।

कांग्रेस और अन्य पार्टियों से भाजपा कितने लोग आए हैं? इन्हें पार्टी कैसे मैनेज करेगी?

अब तक चार लाख से ज्यादा लोग आ चुके हैं। इनमें वर्तमान नगर पालिका, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर, जिला पंचायत के सदस्य भी आए हैं। पूर्व मंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री, पूर्व विधायक सब आ रहे हैं। जहां तक इन्हें मैनेज करने का सवाल है तो सब समरस है। हमने बूथ लेवल पर टारगेट किया था कि दो लोगों को जोड़ना है। 68 हजार बूथ है तो पौने दो लाख लोग तो उसी समय हो गए थे।

मुख्यमंत्री सीधी में पानी की वैकल्पिक व्यवस्था के लिये व्यक्तिगत रुचि लें: अजयसिंह

पानी की कमी से जनता हलाकान और प्रशासन मौन

विजय मत, भोपाल

पूर्व नेता प्रतिपक्ष और विधायक अजयसिंह ने सीधी जिले के ग्रामीण इलाकों में जल संकट को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि गाँव वाले पानी की कमी से हलाकान हैं और प्रशासन मौन। जब प्रशासन को पता है कि हर साल पानी का स्तर नीचे जाने पर जल संकट गहरा जाता है तो जनवरी माह से ही कार्ययोजना क्यों तैयार नहीं की गई। उन्होंने शासन प्रशासन की लापरवाही पर आश्चर्य व्यक्त किया है और न केवल सीधी बल्कि पूरे रीवा संभाग के सभी जिलों के लिये तत्काल पानी की वैकल्पिक व्यवस्था किये जाने का मुख्यमंत्री से आग्रह किया है।

अजयसिंह ने कहा कि सीधी जिले में वर्षों से पीएचई में पद खाली पड़े हैं लेकिन शासन प्रशासन को कोई चिन्ता नहीं है। उन्हें पानी की कमी का एहसास ही नहीं है क्योंकि उनके घरों में तो भरपूर पानी आ रहा है। आम आदमी परेशान है। उन्हें पानी के लिये दरबदर भटकना पड़ रहा है। अकेले सीधी जिले में अधिकारी, कर्मचारी, लिपिक और मैकेनिक के 31 पद वर्षों से रिक्त हैं। उपयंत्री के आधे पद खाली पड़े हैं। यह सोचने की बात है कि बिना स्टाफ और संसाधन के काम कैसे होगा। यही कारण है कि मैकेनिक हैंडपम्प की मरम्मत करने नहीं पहुंच रहे हैं। जिले में लगभग बीस हजार हैंडपम्प हैं। लेकिन आलम यह है कि एक मैकेनिक के बूते लगभग तीन सौ हैंडपम्प की जिम्मेदारी है।

मेडिकल विश्वविद्यालय की शिकायत लेकर ईओडब्ल्यू पहुंची एनएसयूआई करोड़ों रुपये की हेरा-फेरी का आरोप

भोपाल। मेडिकल विश्वविद्यालय की शिकायत लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ता ईओडब्ल्यू पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने करोड़ों रुपये की हेरा-फेरी का आरोप लगाया। मध्यप्रदेश के विश्वविद्यालयों में लगातार घोटाले सामने आ रहे हैं, जिस तरह राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में करोड़ों का घोटाला हुआ। उसी तरह मेडिकल विश्वविद्यालय के घोटाले को लेकर एनएसयूआई नेता रवि परमार आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) में जांच कर प्रकरण पंजीबद्ध करने की मांग को लेकर मंगलवार को पहुंचे थे। परमार ने आरोप लगाया है कि मध्यप्रदेश की एकमात्र मेडिकल विश्वविद्यालय मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा नर्सिंग घोटाले को अंजाम दिया। साथ ही करोड़ों रुपये की हेरा-फेरी भी की गई। विश्वविद्यालय में विगत वर्ष स्थानीय निकाय संपरीक्षा के ऑडिट में विनियोजन राशि (एफडीआर) के नवीनीकरण न किए जाने को ऑडिट में त्रुटिपूर्ण पाया गया।

एम्स भोपाल में यूनानी चिकित्सा की कपिंग और जोंक थेरेपी से रोगी लाभान्वित

विजय मत, भोपाल

एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. डॉ. अजय सिंह के कुशल मार्गदर्शन में संस्थान यूनानी चिकित्सा प्रणाली से आयुष विभाग में पिछले 2 माह से कपिंग और जोंक थेरेपी की सुविधाओं से रोगियों को लाभान्वित कर रहा है। ये प्राचीन चिकित्सीय तकनीकें सदियों से प्रचलित हैं और अब उपचार के प्रति अपने समग्र दृष्टिकोण के लिए मान्यता प्राप्त कर रही हैं। कपिंग थेरेपी में सक्शन पैदा करने, रक्त प्रवाह को बढ़ावा देने और मांसपेशियों के तनाव को कम करने के लिए त्वचा पर कप लगाना शामिल है। यह चिकित्सा जोड़ों के दर्द, आर्थराइटिस, त्वचा सम्बन्धी रोग जैसे; दाद, एक्जिमा, तथा मुहांसे में प्रभावकारी है। इसी तरह से, जोंक थेरेपी विभिन्न बीमारियों के इलाज जैसे; सोरायसिस, वेरिकोस वेंस, अल्सर, गंजापन इत्यादि में लाभदायक है। यह चिकित्सा प्रणाली रक्त से अशुद्धियों को दूर करने के लिए औषधीय जोंक का उपयोग करती है। एम्स भोपाल में यूनानी चिकित्साधिकारी ने इन पारंपरिक उपचारों के लाभों पर जोर देते हुए कहा, ÷कपिंग और जोंक थेरेपी दर्द प्रबंधन, सूजन और विषहरण सहित कई स्वास्थ्य समस्याओं के लिए प्राकृतिक और प्रभावी समाधान प्रदान करती है। इन प्रथाओं को अपनाकर, एम्स भोपाल का लक्ष्य रोगियों को व्यापक देखभाल प्रदान करना है जो पारंपरिक ज्ञान के साथ आधुनिक चिकित्सा प्रगति को एकीकृत करता है।

कांग्रेस का आरोप- टीकमगढ़ के स्ट्रांग रूम में एलईडी चार घंटे रही बंद, गड़बड़ी की आशंका

विजय मत, भोपाल

टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस का आरोप है कि टीकमगढ़ के स्ट्रांग रूम में एलईडी चार घंटे बंद रही। ऐसे में कांग्रेस ने गड़बड़ी की आशंका जताई है। मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को दूसरे चरण में हुए मतदान के बाद ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में रखा गया है। स्ट्रांग रूम में रखी गई ईवीएम मशीनों के साथ गड़बडी की आशंका जताते हुए टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी पंकज अहिरवार ने शासन-प्रशासन पर सवाल खड़े किये हैं। जानकारी के लिए बता दें कि वर्तमान में भाजपा सांसद रहे वीरेन्द्र खटीक वहां अहिरवार के प्रतिद्वंति हैं।

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता और टीकमगढ़ लोकसभा के मीडिया प्रभारी बनाये गये अवनीश बुंदेला ने बताया कि विश्वस्त सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है कि टीकमगढ़ में लोकसभा के मतदान के बाद ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में पूरी सुरक्षा के साथ रखा गया है। लेकिन जहां मशीनें रखी गई हैं, आज वहां की एलईडी लगभग चार घंटे तक बंद रही, जिसकी शिकायत करने के बाद वे पुनः चालू की गई। जाहिर है कि स्ट्रांग रूम में रखी मशीनों के साथ गड़बड़ी करने के उद्देश्य से भाजपा और वहां के लोकसभा प्रत्याशी वीरेंन्द्र खटीक के इशारे पर किये जाने की आशंका है।

प्रत्याशी के फोन का कलेक्टर ने नहीं दिया जवाब

बुंदेला ने बताया कि टीकमगढ़ के लोकसभा प्रत्याशी अहिरवार द्वारा इस संबंध में कलेक्टर को फोन लगाकर संपर्क किया गया तो उन्होंने कोई रिस्पांस नहीं दिया। ऐसे में यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि एलईडी बंद करने की घटना से प्रशासन द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम दिये जाने की साजिश तो नहीं रची जा रही है। बुंदेला ने टीकमगढ़ कलेक्टर सहित शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस घटना को संज्ञान में लेकर जांच की जाये। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और भविष्य में ऐसी स्थिति न बने, इसके निर्देश वहां तैनान अधिकारी कर्मचारी को दिए जाएं।

मतदाता पर्ची नहीं मिली तो इस नंबर पर शिकायत करें कलेक्टर देंगे दो मूवी टिकट

इंदौर। इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने एक नंबर जारी करके लोगों से कहा है कि वे मतदाता पर्ची नहीं मिलने पर इस पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इंदौर जिले में यदि किसी मतदाता को मतदाता पर्ची नहीं मिलती है तो प्रशासन उसे फ्री मूवी टिकट देगा। यह बात इंदौर के कलेक्टर आशीष सिंह ने आज पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। आशीष सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेश पर सभी मतदाता को मतदाता सूचना पर्ची बीएलओ द्वारा घर घर जाकर दी जाती है। जिसकी सारी तैयारियां कर पूरी हो चुकी हैं। कलेक्टर सिंह ने जिले के नागरिकों से कहा है कि यदि उनको तय समय में मतदान पर्ची बीएलओ द्वारा उनके घर नही पहुंचाई जाती है, तो ऐसे मतदाता अपना नाम, मोबाइल नं., विधानसभा क्षेत्र एवं मतदान केन्द्र की जानकारी के साथ अपनी शिकायत वॉट्सऐप या फोन से दर्ज करा सकते हैं।

सिंगार बोले-जब हमारी सरकार जा रही थी, तब हम प्रलोभन में नहीं आए तो अब क्यों जाए?

विजय मत, ब्यूरो, इंदौर

सिंगार ने कहा कि भाजपा की आईटी सेल ने मेरे भाजपा में शामिल होने की अफवाह फैलाई है। उस पर कैसे कोई विश्वास कर सकता है। इतने वर्षों से मैं कांग्रेस के साथ खड़ा हुं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार बुधवार को इंदौर आए। उनके खुद के भाजपा में शामिल होने की बात को भाजपा की साजिश बताया और कहा कि यह अफवाह आईटी सेल ने फैलाई है।

विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए उमंग सिंगार ने कहा कि भाजपा की आईटी सेल ने मेरे भाजपा में शामिल होने की अफवाह फैलाई है। उस पर कैसे कोई विश्वास कर सकता है। इतने वर्षों से मैं कांग्रेस के साथ खड़ा हुं।कई बार ऑफर भी आते है। जब हमारी सरकार जा रही थी, तब भी मेरे पासऑफर आए थे, तब हम लालच में नहीं आए। तो फिर अब कांग्रेस छोड़कर जाने का सवाल ही नहीं उठता। उमंग सिंगार, सिंगार है सिंधिया नहीं।

इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी की नाम वापसी के सवाल पर उन्होंने कहा कि इंदौर की जनता को तय करना है कि भाजपा उनका वोट तय करेगी या वे खुद। इस बार में जनता को सोचना चाहिए। जो लोग कांग्रेस छोड़कर जा रहे है, वे डर गए है। कुछ लोग सत्ता और पद लालच में जा रहे है, बाकी कांग्रेस के साथ है।

घटना की सूक्ष्य और निष्पक्ष जांच हो, दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाये: मुकेश नायक

विजय मत, भोपाल

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने आज प्रेस ब्रीफिंग कर बताया कि भोपाल में 8 वर्षी बच्ची के साथ जिस तरह का अमानवीय कृत्य हुआ है, जिसकी सभी अखबारों में वह घटना मुख्य पृष्ठ पर छपी होकर सुर्खियों में है। नेशनल क्राइम ब्यूरों की रिपोर्ट के मुताबिक छेड़छाड़, बलात्कार, बच्चियों के साथ दुष्कर्म और महिलाओं के साथ निरंतर हो रही जघन्य घटनाओं में मध्य प्रदेश, देश में नंबर एक पर है। सबसे बड़ी चिंता की बात है कि इस सरकार के रहते मध्य प्रदेश में महिलाएं, बच्चियां असुरक्षित हैं। बच्चियों और महिलाओं को अकेले घर से निकलना दूभर है। अभी पिछले दिनों अलीराजपुर के जोबट में एक 12 साल की बच्ची के साथ हुई घटना प्रदेश और देश की जनता के सामने आई थी, लेकिन उसमें पुलिस प्रशासन मौन है।

नायक ने कहा कि जब महिलाओं, बच्चियों के साथ ऐसी दरिंदगीपूर्ण अमानवीय घटनाएं होती है तो देखने में आता है कि अनेक जिलों में दोषियों के घरों पर बुलडोजर चलाए जाते हैं, उन्हें प्रताड़ित किया जाता है और एक्स्ट्रा एफर्ट दिये जाते हैं, ताकि लोगों में संदेश जाये कि ऐसी घटना कोई दोबारा ना करें।

खास-खबर | **मप्र में ऑनलाइन बिजनेस करने वाली 1500 कंपनियों को नोटिस**

कमाई मध्य प्रदेश से और जीएसटी मिल रहा दूसरे राज्य का

विजय मत, भोपाल

देश के विभिन्न हिस्सों में कार्यालय खोलकर मप्र में ऑनलाइन बिजनेस करने वाली तकरीबन 1500 कंपनियों को सेल टैक्स विभाग ने नोटिस दिया है। इसकी वजह यह है कि ये कंपनियां कारोबार तो मप्र में कर रही हैं, लेकिन जीएसटी का फायदा दूसरे राज्य को मिल रहा है। इसको लेकर मप्र सरकार ने दिल्ली में होने वालीजीएसटी काउंसिल की हर बैठक में उठाता रहा है।

गौरतलब है कि देश-विदेश की अधिकांश बड़ी और नामी ऑनलाइन कंपनियों के कार्यालय दक्षिण भारत के राज्यों तथा एनसीआर में होने के कारण जीएसटी में मप्र को भारी नुकसान हो रहा है। एक अनुमान के अनुसार इससे लगभग पांच सौ करोड़ रूपए का नुकसान मप्र की हो रहा है। गतदिनों केन्द्र सरकार के जीएसटी विभाग के अधिकारियों द्वारा बुलाई गई बैठक में मप्र सहित कई राज्यों ने जीएसटी कलेक्शन में उनके राज्य का हिस्सा न मिलने का मामला उठाया। राज्यों का कहना था कि आनलाइन खरीदी व ब्रिकी में केन्द्र सरकार की पूरी जीएसटी मिल रही और जीएसटी चोरी भी नहीं हो रही है। लेकिन जीएसटी कलेक्शन की पूरी राशि उन राज्यों की जा रही है, जहां कंपनियों के कार्यालय। इस जीएसटी कलेक्शन की राशि का हिस्सा यूजर्स राज्य से मांग रहे है। बैठक में प्लेस ऑफ सप्लाई की व्यवस्था को सही करने का मामला उठाया गया। इससे कई समस्याओं का समाधान हो जाएगा।

मप्र सरकार ने केन्द्र सरकार से भी अनुरोध किया है कि इस पर गंभीरता में विचार करे, और उनके राज्य के यूजरों से अन्य राज्यों को मिलने वाली जीएसटी की कम से कम आधी राशि तो उन्हे दिलवाई जाए। लेकिन अभी तक इस मामले में कोई निर्णय नहीं हुआ है। उधर मप्र में ऑनलाइन बिजनेस कर रही पन्द्रह सौ से अधिक कंपनियों को सेल टेक्स विभाग के अधिकारियों ने नोटिस जारी किया है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सेवानिवृत हुये, आयोग ने दी विदाई

विजय मत, भोपाल

मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग में विगत लगभग दो वर्षों से प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बी.बी. शर्मा विगत दिवस 30 अप्रैल, 2024 को भारतीय पुलिस सेवा से सेवानिवृत हुये। आयोग के माननीय अध्यक्ष मनोहर ममतानी एवं माननीय सदस्य राजीव कुमार टण्डन सहित आयोग के सभी वरिष्ठ अधिकारीगण/अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण की उपस्थिति में बी.बी. शर्मा को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने शर्मा द्वारा आयोग में दी गई सेवाओं की सराहना की। माननीय सदस्य महोदय ने भी उनके बहुआयामी व्यक्तित्व एवं कृत्तव पर प्रकाश डाला। शर्मा को शाल/फल एवं मोमेन्टो भेंट कर अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम का संचालन आयोग के शोध अधिकारी संजय कुमार विश्वकर्मा द्वारा किया गया।